दहकती खबरें

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

E-Mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com

अन्याय के विरुद्ध आम आदमी की आवाज

DAVP CODE: 132457 RNI. NO. UPHIN/2011/39283 (लखनऊ से प्रकाशित एंव सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रसारित)

वर्ष–13 अंक–232 लखनऊ, गुरूवार 02 मई, 2024 पृष्ठ–8 मूल्य–01 रूपए

आजाद बिजनेस सेंटर

हमारे यहाँ सभी प्रकार के समाचार पत्र एवं पत्रिका की कम्पोजिंग का कार्य उचित दर पर किया जाता है।

इम्तियाज अहमद
सम्पर्क: 9044777902

अच्छी छपाई एवं आकर्षक कम्पोजिंग के लिए संपर्क करें।

E-Mail: azadbusiness0786@gmail.com

नोट: छपाई एवं बण्डल लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

संक्षिप्त समाचार

नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नरों ने किया महायज्ञ

प्रयागराज ,01 मई (आरएनएस)। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर समाज ने महायज्ञ किया है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ़ टीना मां ने विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया।

इस दौरान अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गई। पूरे विधि–विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज शहर स्वाहा की धुन से गुंजायमान हो उठा। हवन से वातावरण भी शुद्ध हो गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के सामने महाआरती भी की गई।

किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने कहा, अबकी बार मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करने जा रही है। हवन यज्ञ के माध्यम से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नरों ने उनको आशीर्वाद दिया है।

सीएम शिंदे को रास्ते में दिखा दुर्घटनाग्रस्त डंपर तो उठाया ये कदम

मुंबई ,01 मई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ना महज अपनी राजनीतिक गतिविधियों से बल्कि अपनी सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। बुधवार को वो मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उन्हें एक दुर्घटनाग्रस्त डंपर दिखा।

दुर्घटनाग्रस्त डंपर दिखने के बाद वो फौरन गाड़ी से उतरे और मौके पर पहुंचे। इस डंपर से तेल नीचे गिरने से गाडियों के फिसलने से बड़ा हादसा हो सकता था। स्थिति की संवेदनशीलता को भांपते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी गाड़ी रुकवाई और स्थिति को समझने का प्रयास किया। उन्होंने सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए आने वाले लोगों की मदद से बिखरे हुए तेल पर मिट्टी डलवाई।

साथ ही पुलिस की मदद से बाइक चालकों से धीमी रफ्तार में जाने का आग्रह किया। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को स्थिति से अवगत कराते हुए वहीं रुक कर वाहनों को सही तरीके से आगे भेजने और दुर्घटनाग्रस्त डंपर को जल्द से जल्द हटाकर सडक़ साफ करने को कहा। इसके बाद वो मुंबई के लिए रवाना हो गए।

पूर्व सांसद और बाहुबली नेता धनंजय सिंह हुए रिहा, बोले– फर्जी तरीके से फंसाया

बरेली ,01 मई (आरएनएस)। पूर्व सांसद व बाहुबली धनंजय सिंह आखिरकार बुधवार को बरेली सेंट्रल जेल से रिहा हो गए। बीते शनिवार को उन्हें जौनपुर के जिला कारागार से बरेली जेल शिफ्ट किया गया था। उसी दिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत भी दी थी।

धनंजय सिंह ने जेल से निकलकर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, फर्जी मुकदमे में सजा हुई थी। 2020 में मेरे ऊपर फर्जी मुकदमा दायर किया गया था। माननीय उच्च न्यायालय ने मुझे जमानत दी है। मेरी पत्नी बसपा से जौनपुर सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। मैं यहां से सीधा जौनपुर अपने क्षेत्र में जाऊंगा और उनके लिए प्रचार करूंगा।

उन्होंने निष्पक्ष चुनाव के सवाल पर कहा कि यह समय बताएगा। इससे अधिक धनंजय कुछ नहीं बोले और सीधे गाड़ी में बैठकर जौनपुर के लिए रवाना हो गए। ज्ञात हो कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बरेली सेंट्रल जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। उसी दिन धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दे दी थी, लेकिन सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

लोकसभा चुनाव में धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला बसपा से चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने कृपा शंकर को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा इंडिया गठबंधन से ताल ठोक रहे हैं। यहां पर त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार बन रहे हैं।

बढ़ती महंगाई में आम आदमी को राहत, एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

नई दिल्ली ,01 मई। नया महीना अपने साथ कई बदलाव लेकर आता है। कई वित्तीय नियमों के साथ कई चीजों की कीमतों में भी बदलाव होता है। हर महीने की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट करती है। तेल कंपनियों ने कामर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। इस बार सिलेंडर की कीमतों में 19 रुपये की कटौती की है। यह कटौती लगातार दूसरे महीने हुई है। हालांकि, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

चुनावी माहौल के बीच सिलेंडर में हुई कटौती से आम जनता को राहत मिली है। माना जा रहा है कि इस कटौती के बाद बाहर के खान–पान की कीमतों में भी नरमी आ सकती है। देश के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने सीनियर सिटीजन केयर एफडी में निवेश की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब इसमें 10 मई 2024 तक निवेश किया जा सकता है। इस एफडी में सीनियर सिटीजन को अतिरिक्त ब्याज का लाभ मिलता है।

अगर आपका सेविंग अकाउंट आईसीआईसीआई बैंक और यस बैंक में है तो आज से इन बैंक के नियमों में बदलाव हुआ है। आईसीआईसीआई बैंक ने चेक बुक, आईएमपीएस ट्रांजेक्शन, स्टॉप पेमेंट चार्ज में संशोधन किया है। वहीं बैंक ने डेबिट कार्ड पर लगने वाले एनुअल फीस को शहरी क्षेत्र के लिए 200 रुपये और ग्रामीण इलाकों के लिए 99 रुपये कर दिया है।

बनासकांठा में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, 400 जीतने वाले 40 पर आ गए, राहुल गांधी को भी दी खुली चुनौती

ऐजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के बनासकांठा में कांग्रेस को खुली चुनौती देते हुए उनसे लिखित में देने को कहा कि वे भारत के संविधान को कभी नहीं बदलेंगे और धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी) को खुली चुनौती दे रहा हूं कि अगर आपमें हिम्मत है तो घोषणा करें कि आप कभी भी धार्मिक आधार पर कोटा नहीं देंगे और न ही कोटा प्रणाली का दुरुपयोग करके संविधान बदलेंगे। मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि वे ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उनकी मंशा साफ़ नहीं हैं।पीएम मोदी ने कर्नाटक की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने रातों–रात मुसलमानों को ओबीसी घोषित कर दिया और ओबीसी कोटे का एक हिस्सा दे दिया। उन्होंने कहा कि इसे लिखित में दें ताकि आपको भविष्य में जवाबदेह ठहराया जा सके। उन्होंने कांग्रेस से यह भी लिखित में देने को कहा कि ष्आप एससी, एसटी ओबीसी कोटा के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं। मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं। वे मेरे अनुभव और भारत की प्रतिभा की समझ से उपजे हैं, जो मुझे विश्वास दिलाता है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि तीसरी बार जब हमारी सरकार बनेगी तो अगले 100 दिन में मुझे क्या करना है– अभी से ही मैंने प्लान तैयार कर लिया है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा के मैदान में आया तो कांग्रेस के पास मुद्दे थे कि ये चाय वाला क्या करेगा... ये मेरी मजाक उड़ाते थे।

लोकसभा चुनाव : कांग्रेस ने जारी की एक और लिस्ट, राज बब्बर गुरुग्राम और आनंद शर्मा कांगड़ा से उम्मीदवार घोषित

चंडीगढ़ ,01 मई (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस ने मंगलवार को एक और कैंडिडेट लिस्ट जारी की। प्रत्याशियों की इस लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस ने इस लिस्ट में तीन राज्यों की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। कांग्रेस ने हरियाणा के गुरुग्राम से अभिनेता से राजनेता बने राज बब्बर को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा पर भरोसा जताया है। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर के खिलाफ सतपाल रायजादा को टिकट दिया है। वहीं, महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर भूषण पाटिल को उम्मीदवार बनाया है। यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर पिछले दो लोकसभा चुनाव यूपी की फतेहपुर सीकरी सीट से लड़े थे। दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, आनंद शर्मा की बात की जाए तो वो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बिगुल फूंकने वालों में से एक रहे हैं। कांग्रेस के इन बागी नेताओं को जी–23 समूह कहा जाता था। हालांकि, कुछ ही महीनों में ये बगावत खत्म हो गई, लेकिन गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोडकर अलग राह पकड़ ली। हरियाणा की गुरुग्राम लोकसभा सीट पर छठे चरण में यानी 25 मई को चुनाव होंगे। वहीं से हिमाचल की कांगड़ा और हमीरपुर सीट पर सातवें चरण (1 जून) में वोटिंग होगी। महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर पांचवें चरण (20 मई) में मतदान होगा।

कांग्रेस भय और भ्रम फैलाने के लिए डीप फ़ेक का कर रही इस्तेमाल : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली ,01 मई (आरएनएस)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बनाकर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम चुनावों से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना पूरा चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं। आखरि वोट के लिए इतना नीचे गिरने का क्या औचित्य है

ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें उनकी हार निश्चित है पर अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां–जहां राज्य सरकार बनाती है वहां एससी–एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी–एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। हमने ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारे सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। लेकिन हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लडऩा चाह रहे। कांग्रेस को कई सीटों पर उम्मीदवार तक खोजने में परेशानी हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंगाल सरकार को संदेशखली और शाहजहां शेख के मामले में एक पक्ष बनने के आग्रह पर फटकार लगाए जाने के ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह ममता बनर्जी जी की तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। ममता बनर्जी एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही हैं जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार कर उनकी जमीनें हड़पने और उनका यौन उत्पीडऩ करने का घृणित कार्य किया है। इससे पता चलता है कि वोट बैंक के लिए विपक्ष किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। यही हाल कर्नाटक का है जहां कांग्रेस के काउंसलर की बेटी की दिनदहाड़े हत्या कर दी जाती है पर तुष्टिकरण की राजनीति के चलते वहां की सरकार कुछ नहीं करती है

अनुराग ठाकुर ने आगे प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक विडियोज के मामले को बेहद शर्मनाक करार देते हुए कहा कि इस मामले में कानून को अपना काम कर कठोर कारवाई करनी चाहिए। कानून व्यवस्था राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। जिस समय पर यह वीडियो बाहर आए हैं उससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस के पास इन वीडियोज की जानकारी पहले से थी। तो फिर उन्होंने अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं कि? ऐसे मुद्दे का राजनीतिक लाभ क्यों उठाना चाहा? आखिर क्यों कांग्रेस की राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही? कांग्रेस को अपनी मजबूरियां बतानी चाहिए। उन्होंने उस व्यक्ति को कैसे विदेश जाने दिया? क्यों कोई कदम नहीं उठाए? भारतीय जनता पार्टी में शक्ति की उपासना की संस्कृति है। हम ऐसे कुकृत्यों का क़तई समर्थन नहीं करते। हमने संसद में ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन बिल पास कर देश की विधायिकाओं में माता बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने माताओं बहनों को देश का प्रमुख अमृत स्तंभ कहा है और पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में उनके सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। हम वूमेन डेवलपमेंट नहीं वूमेन लेड डेवलपमेंट को मानने वाले लोग हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने अश्नीर ग्रोवर को भारतपे शेयरों में थर्ड पार्टी राइट बनाने से रोका

नई दिल्ली ,01 मई। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर के खिलाफ एक निरोधक आदेश जारी किया, जिससे फिनटेक कंपनी के सह–संस्थापक, भाविक कोलाडिया द्वारा उन्हें हस्तांतरित 16,110 शेयरों में किसी भी तीसरे पक्ष के हित या अधिकार बनाने से रोक दिया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने ग्रोवर के खिलाफ चल रहे मुकदमे के तहत कोलाडिया द्वारा दायर एक अंतरिम आवेदन के जवाब में जारी किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रोवर को कानूनी कार्यवाही के समापन तक शेयरों से संबंधित कोई भी तीसरे पक्ष की व्यवस्था करने से बचना चाहिए। ग्रोवर 2017 में सह–संस्थापक कोलाडिया और शाश्वत नाकरानी के भारतपे में शामिल हुए, 2018 में तीसरे सह–संस्थापक के रूप में उन्होंने पिछले साल सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह इन शेयरों में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे। यह घटनाक्रम इस साल की शुरुआत में नकरानी द्वारा दायर एक मुकदमे की त्वरित सुनवाई के लिए एक डिवीजन बेंच के आदेश का पालन करता है, जिसमें ग्रोवर को उनसे खरीदे गए अवैतनिक शेयरों में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार को अलग करने, स्थानांतरित करने या बनाने से रोकने की मांग की गई थी। इससे पहले, एकल न्यायाधीश पीठ ने मुकदमे में अंतरिम आवेदन को खारिज करते हुए ग्रोवर को अवैतनिक शेयरों में तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोकने के नाकरानी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इस साल मार्च में उच्च न्यायालय ने एक आदेश जारी कर ग्रोवर को फिनटेक कंपनी, उसके पदाधिकारियों या अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक और अपमानजनक बयान देने से रोक दिया था। पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने ग्रोवर पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने ग्रोवर को 48 घंटे के भीतर अपने ट्वीट हटाने का निर्देश दिया था, जिसमें एसबीआई चेयरपर्सन को तुच्छ कहने वाला ट्वीट भी शामिल था। अदालत ने इकोनॉमिक टाइम्स को ग्रोवर द्वारा आरबीआई अध्यक्ष को लिखे गए पत्रों के आधार पर एक लेख हटाने का भी आदेश दिया था। फंड के दुरुपयोग के आरोप में ग्रोवर और उनकी पत्नी को 2022 में कंपनी से बर्खास्त किए जाने के कुछ महीनों बाद भारतपे ने हाईकोर्ट का रुख किया था। अपने मुकदमे में भारतपे ने कथित धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग के लिए ग्रोवर, उनकी पत्नी और उनके भाई से 88.67 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है।

दर्दनाक हादसा : खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में लीकेज से लगी भीषण आग, मां और तीन बच्चे जिंदा जले

किशनगंज ,01 मई (आरएनएस)। बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली में खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लगने से एक महिला और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। इस घटना में दो लोग बुरी तरह झुलस गए, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार की रात पौआखाली नगर पंचायत अंतर्गत नानकार गांव में मोहम्मद अंसार के घर में खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण किसी तरह आग लग गई। इस घटना में घर के सभी छह सदस्य बुरी तरह झुलस गए। आनन फानन में सभी को इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से इन्हें सदर अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए इन सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि इलाज के क्रम में एक महिला और उसकी दो बेटियों और एक पुत्र की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहम्मद अंसार की पत्नी साहिबा (30), उनकी पुत्री अनीशा (8) और आरुषि (4) तथा पुत्र अनीस (5) के रूप में हुई है। इस घटना में घायल दो अन्य लोगों का इलाज पूर्णिया के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है।

मथुरा में आवारा कुत्ते को पीट–पीटकर मारने के आरोप में दो गिरफ्तार

मथुरा ,01 मई (आरएनएस)। मथुरा के राधापुरम के गोवर्धन चौक पर एक आवारा कुत्ते को पीट–पीटकर मार डालने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान की गई थी। पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया अब पुलिस से आरोप में आईपीसी, 1860 की धारा 429 जोडने का आह्वान कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस भयानक अपराध के अपराधियों को पूरी तरह से दंडित किया जाए। आईपीसी की धारा 429 एक कठोर प्रावधान है, जो किसी भी जानवर को अपंग करने या मारने को संज्ञेय अपराध बनाती है। इसमें पांच साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। पेटा इंडिया क्रूरता प्रतिक्रिया समन्वयक सुनयाना बसु ने कहा, जो लोग जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं वे अक्सर मनुष्यों को नुकसान पहुंचाते हैं।

संक्षिप्त समाचार

दिन भर अगलगी की सूचना पर दौड़ता रहा फायर टैंकर

मेजारोड(प्रयागराज) ।बुधवार को सुबह से लेकर शाम पांच बजे तक अग्निशमन दस्ता फायर टैंकर लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ता रहा ।एक जगह की आग बुझी नहीं कि दूसरी जगह से सूचना आ गई ।अग्निशमन विभाग के प्रभारी शियाशरण व राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि भीषण गर्मी व तपती दोपहरी में उन्हें जरा सा भी रूकने के लिए समय नहीं मिला। बताया कि सुबह नौ बजे के लगभग हावड़ा दिल्ली रेलमार्ग के किनारे कठौली गांव के सामने आग की घटना हुई रेल विभाग के कर्मचारियों की सूचना पर फायर टैंकर पहुंच आग पर नियंत्रण कर लिया। माह भर के भीतर रेलवे लाइन के किनारे रहे झुरमुटों में आग की यह तीसरी घटना थी। दूसरी घटना मेजा के गौरा में हुई, जबकि तीसरी आग की घटना मरहा

गांव के एक किसान के खेत में खर पतवार में हुई। चौथी घटना खानपुर गांव के श्याम बाबू यादव के छप्पर में शाम चार बजे के लगभग आग लग गई। छप्पर से उठी आग से पास पड़ोस में रखा गृहस्थी का सामान जल गया। शासन के सख्त निर्देशों के बाद किसान खेतों में रहे खर पतवार जलाना बंद नहीं कर रहे हैं, खर पतवार में लगाई गई आग

जब बुझने का नाम नहीं लेती तो लोग अग्निशमन विभाग को बुलाकर आग बुझवा रहे हैं। लोगों के इस दुस्साहसिक कार्य से जहां पर्यावरण को गंभीर खतरा पहुंच रहा है, वहीं अग्निशमन विभाग की हैरानी बढ़ गई है।

जेल से रिहा युवक ने नीम के पेड़ पर लगाई फांसी

नैनी, प्रयागराज। चक गरीबदास गांव में बीते मार्च माह में जेल से रिहा एक युवक ने नीम के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक गरीबदास गांव के रहने वाले विजय उर्फ भोले पुत्र स्वर्गीय लवकुश बीते 20 मार्च को जेल से रिहा होकर अपने घर पर आया हुआ था। मंगलवार रात भोजन आदि करने के बाद वह अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। बुधवार सुबह जब परिजन सो कर उठे तो घर के आंगन के समीप जहां पर गाय बंधी रहती है। वहां पर स्थित नीम के पेड़ पर विजय उर्फ भोले का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। वह अपनी बहन के दुपट्टा से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस के मुताबिक मृतक विजय उर्फ भोले के खिलाफ बीते 2022 में मुकदमा अपराध संख्या 742/22 धारा 379, 411 और मुकदमा अपराध संख्या 744/22 धारा 4/5 आयुध अधिनियम के तहत दोनों मुकदमें में वह जेल में बंद था। चोरी के मुकदमे में उसे सजा हो गई थी। जिसकी सजा वह पूरी कर लिया था, लेकिन जुर्माना नहीं जमा किए जाने की वजह से बीते 20 मार्च को इस शर्त पर रिहा किया गया था कि वह जुर्माने की राशि 50 हजार रुपए दो माह में जमा कर देगा। जेल से रिहा होने के बाद वह अपने घर पर पहुंचा और मजदूरी करने लगा। उसने फांसी क्यों लगाई, यह परिजन भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

बाइक सवार टकराया पोल से,हालत गंभीर

मेजारोड(प्रयागराज) ।रिस्तेदारी से घर लौट रहा बाइक सवार तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से जा टकराया ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार बुरी तरह घायल होकर सड़क पर पड़ा रहा। जिसे घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान घायल बाइक सवार की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।मिली जानकारी के अनुसार मेजा कोतवाली क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी समरजीत भारतीया का 30 वर्षीय बेटा सुभाष उर्फ कल्लू भारतीया मंगलवार को अपनी बुआ के घर चिलबिला गांव गया हुआ था ।मंगलवार रात में करीब 10 बजे लौटते समय जैसे ही बाइक सवार खदरहन का पूरा गांव के सामने पहुंचा अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। गिरते ही बाइक फिसलते हुए सड़क किनारे गड़े विद्युत पोल से जा टकराई ।जिसमें बाइक सवार सुभाष भारतीया बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया।

खेत के छोटे से टुकड़े में केले की खेती कर कमा रहे मुनाफा

मेजारोड(प्रयागराज) ।यदि कुछ करने का जज्बा हो तो घर बैठे मेहनत कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। कुछ इसी तरह का कारनामा किसान सर्वेश चन्द्र पांडेय निवासी पकरी सेवार ने कर दिखाया है। वह आसपास के खेतिहर किसानों के लिए सीख है। सर्वेश पांडेय ने घर के पास स्थित खेत के एक टुकड़े में कई वर्षों से केला की खेती कर मुनाफा कमा रहे हैं। सर्वेश उर्फ बाबा ने बताया कि यदि मनुष्य में कुछ करने की ललक हो तो धरती पर कोई कार्य करना मुश्किल नहीं है। बताया कि पांच वर्ष पहले वह गौहनिया की एक नर्सरी से महज छह सौ पौध लाए थे, इस दस विस्वा खेत में लगा दिया गया ।अब इन्हीं केलों के पौधों से कई पौधे उग आए। बताया कि देसी गोबर की सड़ी हुई खाद के अलावा रासायनिक दवाओं का प्रयोग किए बिना सप्ताह भर में दो क्विंटल केला निकाल लेते हैं। उत्पादित केला वह पास के बाजार में पन्द्रह सौ से दो हजार रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेच देते हैं ।बताया कि सावधानी यह है कि गर्मी के दिनों में पानी की आवश्यकता अधिक होती है। सप्ताह में दो बार पानी देते हैं। सर्वेश पांडेय का केला जो भी दुकानदार एक बार ले लेता है, वह भुसावल के केले की मिठास को भूल जाता है ।किसान ने बताया कि केले की खेती में बहुत अधिक मेहनत की आवश्कता नहीं है। एक बार खेत में पौध लगाने के बाद समय–समय पर देख रेख की आवश्कता होती है। इसे पशु बहुत कम नुकसान पहुंचाते हैं ।अब भुसावल से नहीं आता केला। मेजारोड(प्रयागराज) ।एक दशक पहले केला महाराष्ट्र के भुसावल से आता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। कौशाम्बी व प्रयागराज के विभिन्न गांवों के किसान भी केले की खेती करने में माहिर हो गए हैं। क्षेत्र के विगहनी, ओनौर सहित विभिन्न गांवों की दोमट बलुई मिट्टी में केले की खेती बहुतायत हो रही है।

रेलवे सुरक्षा बल ने ई–रेल टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले को गिरफ्तार किया'

प्रयागराज। रेलवे के सबसे व्यस्ततम एवं अति महत्वपुर्ण मंडलों में से एक प्रयागराज मंडल यात्रियों की सुखद व सुरक्षित यात्रा के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता हैद्य रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की आसान यात्रा के लिए रेल टिकटों का अवैध व्यापार के विरुद्ध निरंतर अभियान चलती रहती है।

दिनांक 30.04.2024 को रेलवे सुरक्षा बल, फिरोजाबाद के उप निरीक्षक, नंदराम वर्मा एवं क्राइम विंग (डी–आईप) टूंडला के सहायक उप निरीक्षक, विनोद गोतम द्वारा मुख्यालय साइबर सेल प्रयागराज के तकनीकी सहयोग से आदेश कम्युनिकेशन, फिरोजाबाद नामक दुकान पर डिकॉय चेकिंग में ऑनलाइन सर्विस सेंटर एवं 2 एजेंट आईडी की आड़ में 3 विभिन्न पर्सनल यूजर आईडी से तत्काल, प्रीमियम तत्काल व सामान्य कोटे की ई–टिकटें बनाकर रेलवे के ई–टिकटों की कालाबाजारी करने वाले आदित्य गुप्ता पुत्र आदेश कुमार गुप्ता, उम्र 20 वर्ष, निवासी – पेमेश्वर गेट उर्वशी तिराहा, थाना दक्षिण, जिला फिरोजाबाद, उ. प्र. को गिरफ्तार किया गया। आदित्य गुप्ता के पास से एक मॉनीटर, एक सीपीयू, एक कीबोर्ड, एक माउस, एक प्रिन्टर, एक मोबाइल, एक टिकट भविष्य की और 10 पिछली यात्रा की टिकटें के साथ 1500 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद की गई टिकटों में 776/– रुपए की भविष्य यात्रा की 1 ई–टिकट और 36,671/– रुपये की अतीत यात्रा की 10 ई–टिकटें हैं।

आदित्य गुप्ता ऑनलाइन सेवा केंद्र तथा एजेंट आईडी की आड़ में पर्सनल यूजर आईडी से तत्काल, प्रीमियम तत्काल एवं सामान्य कोटे की ई–टिकटें बनाकर 200 से 300 रुपए प्रति टिकट अधिक लेकर करीब 5 वर्षों से ई टिकटों का अवैध व्यापार कर रहा था । आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अमित कुमार सिंह
जनसंपर्क अधिकारी
प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे

सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर मनाया गया मजदूर दिवस'

प्रयागराज। दिनांक 01.05.2024 को स्टेशन अधीक्षक/सूबेदारगंज, श्री राजेश कुमार गुप्ता ने सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर श्री राजेश कुमार गुप्ता ने स्टेशन पर स्वच्छता और निर्माण कार्य में संलग्न सभी श्रमिकों को माला पहनकर सम्मानित किया और मिष्ठन वितरित किया । इस कार्यक्रम में स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों और 15 से अधिक श्रमिकों ने भागीदारी की। दुनिया के सभी देशों में प्रतिवर्ष 01 मई को श्रमिक दिवस / मजदूर दिवस के रूप में भी जाना जाता है । इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देना है। मजदूर दिवस को लेबर डे, श्रमिक दिवस, मजदूर दिवस, मई डे के नाम से जाना जाता है। इस खास मौके पर श्रमिकों द्वारा किये गए योगदान को भी याद किया जाता है। इस दिन श्रमिकों की अहमियत और अधिकारों के बारे में जागरुकता फैलाई जाती है।

अमित कुमार सिंह
जनसंपर्क अधिकारी
प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे

श्रमिकों को दिया प्रशस्ति पत्र

मेजारोड(प्रयागराज)।

मेजारोड जनवार स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मिडिएम स्कूल में बुधवार को श्रमिक दिवस पर स्कूल के कर्मचारी बृजेश कुमार, दीपक कुमार, साहेबान, फूलकली, सुशीला देवी, राजेश कुमार, अंबिका, फूल चन्द सहित का स्कूल की प्रधानाचार्य अंकिता खेरा ने मिष्ठान व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि किसी भी संस्था को चलाने में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। ऐसे श्रमिकों का समय–समय पर सम्मान किया जाना चाहिए ।मौके पर रहे प्रबंधक अभिषेक खेरा ने स्कूल के श्रमिकों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर में सभी अंगों का महत्व बराबर महत्व है, उसी प्रकार संस्था के कुशल संचालन में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है ।इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में श्रमिकों को हौसला आफजाई करने के लिए मिष्ठान प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यो की सराहना की गई ।सेंट पीटर्स स्कूल छतवा सिरसा की प्रधानाचार्या शिवानी खेरा ने वाहन चालकों, सफाईकर्मियों व गेट पर रहने वाले प्रहरियों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि शिक्षक संस्थान में कार्य करने वाली महिला सफाईकर्मी का स्वच्छता में बहुत बड़ा योगदान है। इसी तरह विभिन्न गांवों से स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने व ले जाने मे अपनी अहम भूमिका निभाने वाले चालक भी बधाई के पात्र हैं, जो नौनिहाल बच्चों को सुरक्षित स्कूल पहुंचाते व ले जाते हैं ।कहा कि विद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी विद्यालय परिवार का हिस्सा है। इनकी उपेक्षा किसी भी सूरत में नहीं की जा सकती है ।संस्थान के विकास में इन सभी का पूर्ण योगदान होता है।

नाम निर्देशन के तीसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51–फूलपुर के लिए 07 व 52–इलाहाबाद हेतु 08 नाम निर्देशन पत्र लिया गया

नाम निर्देशन के तीसरे दिन कुल 3 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत बुधवार को नाम निर्देशन के तीसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51–फूलपुर के लिए 07 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52–इलाहाबाद के लिए 08 लोगो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। इस प्रकार अबतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51–फूलपुर के लिए कुल 39 लोग व 52–इलाहाबाद के लिए कुल 38 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। नाम निर्देशन के तीसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51–फूलपुर हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं 52–इलाहाबाद हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री नीरज त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय समाज दल(आर) के प्रत्याशी श्री राजधर सिंह के द्वारा नाम निर्देशन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ियो का संचालन करने का निर्णय लिया गया

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु निम्न ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ियो का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

01) गाड़ी स. 09177/09178 उधना –जयनगर–उज्जैन विशेष गाड़ी
क आवृति एक फेरा
ख दिन 09177 उधना से बुधवार दिनांक 01.05.2024
09178 जयनगर से शुक्रवार दिनांक 03.05.2024
ग गाड़ी संरचनारू–स्लीपर –20, एसएलआरडी–2=22 डिब्बे

09177 उधना –जयनगर विशेष गाड़ी

स्टेशन आगमन प्रस्थान दिन
उधना "" 20.45
बुधवार 01.05.2024
चालथन 21.05 21.10
बारदोली 21.25 21.30
नंदूबार 23.45 23.55
पालधी पास 02.53
गुरुवार 02.05.2024
भुसावल 03.43 03.48
खंडवा 06.18 06.23
इटारसी 09.23 09.33
रानी कमलापति 11.18 11.28
बीना 14.08 14.18
वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी 17.18 17.28
गोविंदपुरी 21.28 21.38
प्रयागराज 01.38 01.48
शुक्रवार 03.05.2024
मिर्जापुर 03.33 03.38
दीन दयाल उपाध्याय 05.18 05.28
बक्सर 06.58 07.03
आरा 08.03 08.08
पटना 09.08 09.18
बख्तियारपुर 10.48 10.53
मोकामा 12.23 12.28
बरौनी 13.58 14.03
समस्तीपुर 15.03 15.08
दरभंगा 15.53 15.58
मधुबनी 16.43 16.48
जयनगर 17.35 ""
शुक्रवार 03.05.2024

09178 जयनगर –उज्जैन विशेष गाड़ी

दिन स्टेशन आगमन प्रस्थान
शुक्रवार 03.05.2024 जयनगर "" 21.30
मधुबनी 22.10 22.15
दरभंगा 23.00 23.05
समस्तीपुर 23.50 23.55
शनिवार 04.05.2024 बरौनी 00.55 01.00
मोकामा 02.30 02.35
बख्तियारपुर 04.10 04.15
पटना 05.45 05.55
आरा 06.55 07.00
बक्सर 08.00 08.05
– दीन दयाल उपाध्याय 09.35
– 09.45
मिर्जापुर 11.25 11.30
प्रयागराज 13.15 13.25
गोविंदपुरी 17.25 17.35
वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी 21.35 21.45
रविवार 05.05.2024 बीना 00.15 00.25
संत हिरदाराम नगर 03.35 03.40
उज्जैन 06.30

अत्यधिक गर्मी से भट्ठा मजदूर की मौत, मचा कोहराम।

मेजारोड(प्रयागराज) ।ईंट भट्ठा पर काम कर रहे मजदूर की अचानक मौत हो गई ।जैसे ही यह जानकारी परिजनों को हुई कोहराम मच गया ।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रामनगर छत्तु का पूरा निवासी 52 वर्षीय गुलाब भारतीया पुत्र शिवकरन भारतीया मांडा थाना क्षेत्र के चौकठा नरवर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को भी उक्त मजदूर मजदूरी करने का बाद ईंट भट्ठे पर लगे नल से स्नान करने लगा ।उसी दौरान उसकी हालत बिगड़ने लगी। जबतक मजदूर इलाज के लिए अस्पताल के ले जाया जाता उसकी मौत हो गई। फिर भी ईंट भट्ठा संचालक द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण किया तो मौत की पुष्टि कर दी।

आमने सामने बाइक की टक्कर में तीन घायल, शहर रेफर

मेजारोड(प्रयागराज) ।आमने सामने बाइक की टक्कर में एक ही बाइक पर सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें घटना स्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी

रामनगर पहुंचाया। जहां पर घायल तीनों बाइक सवारों की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।मिली जानकारी के अनुसार मेजा

कोतवाली क्षेत्र के परानीपुर गांव निवासी 18 वर्षीय आकाश यादव अपने दोस्त 19 वर्षीय बीर बहादुर यादव एवं गोसौरा कलां निवासी 18 वर्षीय धर्मेंद्र यादव के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर मंगलवार की रात सिरसा बाजार से रामनगर बाजार जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार रामनगर के डोरवा मोड़ पर पहुंचे सामने से आ रही बाइक से जा टकराए। जिसमें तीनो लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें घटना स्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन फानन मेंएम्बुलेंस को बुलाकर इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया जहाँ हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

'लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराना पहली प्राथमिकता, कृष्ण पाल सरोज,

कुठौंद(जालौन)। कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकार जालौन राम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा कुठौद



थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना कुठौद पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामों में एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग कर आमजनमानस में कराया सुरक्षा का एहसास । फुट मार्च के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज ने कस्बा कुठौद एवं बेहड पट्टी के ग्राम सभाओ में पेदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया और उन्होंने कहा की सभी मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और उन्होंने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी इस दौरान अगर किसी भी अराजक तत्व में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश की या गलत तरीके से कमेंट किया या गलत अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी उसको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा

बेटे ने रिश्ते को किया कलंकित मां की ईट से कुच कर हत्या

–१५ दिन पहले घर से गायब हुई थी मां

कौशाम्बी । सराय अकिल थाना क्षेत्र नइमा मियां का पूरा नगर पंचायत चायल की विधवा का चाल चलन खराब होने के कारण १५ दिन पहले घर से गायब हो गई थी २ दिन पहले संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक भट्ठे में वापस आकर ईट पथाई का कार्य कर रही थी विधवा के बेटे ने अवैध संबंधों की शक पर बीती रात मां की ईट से कूच कर हत्या करने के उपरांत षव को एक ईट भटठे के जंगल में फेंक कर फरार हो गया सुबह घटना की जानकारी हुई तो लोगों में सनसनी फैल गई, घटना की सूचना पुलिस के दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया उधर बेटे को षंका के कारण पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चायल नगर पंचायत नईम मियां का पूरा निवासी स्वर्गीय नत्थू सरोज की पत्नी एक वर्ष पहले नत्थू की मौत से विधवा हो गई थी विधवा संगीता उम्र ४० वर्ष अपने छोटे–बड़े चार बच्चों के साथ घर पर गुजर बसर करती थी ग्रामीणों का आरोप है कि १५ दिन पहले संगीता देवी किसी प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी २ दिन पहले संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एट भटठे में काम कर रही थी तीसरे बेटे अजय कुमार को जानकारी हुई तो वह बीती रात ईट भटठे में पहुंचकर मां की ईंट से कुच–कुच कर हत्या कर दिया, षव को ईट भट्ठे के बाहर जंगल में फेंक कर फरार हो गया घटना की सूचना पुलिस को हुई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर षव को परीक्षण के लिए भेज दिया ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बेटे अजय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

भीषण गर्मी में धमार्थियों ने चालू किया निःशुल्क पेयजल

कौशाम्बी । नगर पालिका परिषद भरवारी में निष्क्रिय नगर पालिका अध्यक्ष के चलते धमार्थियों ने निःशुल्क प्याऊ जल की व्यवस्था की है धर्मार्थियों ने मानव सेवा कल्याण चौरिटेबल ट्रस्ट वृद्ध आश्रम ग्राम परसरा भरवारी जनपद हेड ऑफिस रसूलपुर गिर्सा चौराहा भरवारी जनपद में तपती हुई भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका में पेयजल की व्यवस्था न होने के चलते गिरसा चौराहे पर निःशुल्क प्याऊ जल की व्यवस्था की आने जाने वाले लोग जहां भीषण गर्मी में शीतल जल को पीकर ठंडी आत्मा से प्याऊ जल की व्यवस्था करने वाले ट्रस्ट को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं।

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट

व्यूरो नीलम सिंह

अयोध्या। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट,एयरपोर्ट पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया स्वागत, एयरपोर्ट से अयोध्या धाम के लिए हुई रवाना, एयरपोर्ट से लेकर अयोध्या धाम तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम, जगह–जगह आवागमन रोका गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हनुमान गड़ी में पहुंचकर किया दर्शन पूजन दर्शन पूजन , शाम में होने वाली सरयू घाट आरती में होंगी शामिल शाम 6रू45 पर पहुंचेगी राम जन्मभूमि परिसर रामलला का करेगी दर्शन पूजन और आरती और वही शाम 7रू15 पहुंचेगी कुबेर टीला का दर्शन पूजन करने के बाद महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से दिल्ली की होगी लिए होगी रवाना।

जिला अस्पताल अयोध्या के प्रभारी सीएमएस बने डॉक्टर उत्तम कुमार

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

अयोध्या जिला चिकित्सालय अयोध्या के प्रभारी सीएमएस रहे डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव आज मंगलवार को सेवानिवृत्ति हुए उन्होंने अस्पताल के ही एनेस्थीसिया डॉ उत्तम कुमार को प्रभारी सीएमएस का चार्ज सोप है समारोह पूर्वक कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर उत्तम कुमार ने कहा है कि शासन की मनसा के अनुरूप ही कार्य किया जाएगा मरीजों की भलाई के लिए बाहर की दावों पर अंकुश लगाने का चिकित्सकों के साथ मीटिंग करूंगा आज राष्ट्रपति जी की अयोध्या दर्शन कार्यक्रम एवं 5 में को प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के रोड शो को लेकर थोड़ी व्यस्त था रहेगी लेकिन मेरा पूरा जोर अस्पताल को सुचारू रूप से च लाने एवं दलालों पर अंकुश लगाने पर होगा उक्त कार्यक्रम में अधीक्षक डॉक्टर विपिन कुमार वर्मा वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव डॉ एके सिन्हा डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव डॉक्टर नानक श रन डॉ राजेश सिंह डॉ अनिल कुमार वर्मा डॉक्टर आर पी राय डॉक्टर पल्लवी श्रीवास्तव डॉ विजय हरि आर्य डॉक्टर वेद प्रकाश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे

विवाहिता ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

व्यूरो नीलम सिंह

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके की एक विवाहिता ने अपने ससुरालीजनों पर मारपीट व दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। परमानपुर गांव निवासिनी शशिकला पत्नी दीपक प्रजापति का कहना है कि आठ साल पूर्व उसकी शादी दीपक के साथ हुई थी।उसके दो बच्चे एक सात वर्ष व दूसरा छह महीने का है।आरोप है कि उसका पति दीपक ,ससुर शशिपाल प्रजापति,सास सावित्री देवी व देवर दर्पण प्रजापति दहेज की मांग को लेकर आये दिन बुरी तरह से मारते पीटते है और अपशब्द कहते है।सोमवार को भी सभी लोगो ने मिलकर उसे बुरी तरह से पीटा।इसके पहले भी गर्भावस्था के दौरान मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर चारो आरोपितों के खिलाफ केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

एसकेडी पब्लिक एकेडमी का प्रथम बार्षिकोत्सव संपन्न

मेधावी छात्र–छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

जगम्मनपुर,जालौन। एसकेडी पब्लिक एकेडमी जगम्मनपुर का प्रथम बार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें बालक बालिकाओं द्वारा संस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत मेधावी छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया । ज्ञात हो कि माधौगढ़ तहसील अंतर्गत सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र विद्यालय एसकेडी पब्लिक अकादमी (हिंदी इंग्लिश मीडियम) का एक वर्ष पूर्व शुभारंभ किया गया इस एक वर्ष के शिक्षण सत्र में विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्राओं ने अकल्पनीय ज्ञानार्जन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन द्विवेदी व स्टाफ विशेष तिवारी, वर्षा राजावत ,सोनू निषाद,खुशी तिवारी,रंजना राजावत,खुशबू भदौरिया, साक्षी सोनी, साक्षी गुप्ता,संध्या राजावत,सुरेंद्र कुमार, निशांक पचौरी की छात्रों के प्रति मेहनत का परिणाम यह हुआ की 1 वर्ष में छात्र–छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में 80: से 97: तक अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय एवं माता–पिता को गौरवान्वित किया है । विद्यालय प्रबंधक पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी शिक्षाविद् की उपस्थिति एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी माधौगढ़ के मुख्य आथित्य में विद्यालय के प्रथम वर्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीतों व धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर एवं कॉमेडी नाटक आदि के माध्यम

से उपस्थित सैकड़ो लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी ने कहा कि हमारा उद्देश्य धन कमाना नहीं अपित विद्यालय की योग्य व अनुभवी शिक्षकों द्वारा छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है , यदि बच्चों की प्राथमिक शिक्षा अच्छी होगी तो वह ऊपर की कक्षाओं में रुचि पूर्वक पढ़ सकेंगे । श्री द्विवेदी ने आश्वस्त किया की छात्र–छात्राओं को आर्थिक परेशानी के कारण शिक्षा ग्रहण में बाधा नहीं आने दी जाएगी । वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी माधौगढ़ ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र का निर्माण करती है । यदि हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर योग्य नागरिक बनेंगे तो हम शक्तिशाली व सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे अतः समस्त अभिभावकों का दायित्व है कि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यालय अवश्य भेजें। उक्त कार्यक्रम में मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर स्मृति चिन्ह गोल्ड मेडल,सिल्वर मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया व अंक तालिका वितरित की गई । इस अवसर अजीत उपाध्याय ,सौरभ द्विवेदी ,रामप्रकाश औदीच्य ,राज नारायण पांडे , सत्येंद्र यादव,महेंद्र गौतम राजेंद्र शाक्यवार व अनेक क्षेत्रीय प्रधान ,प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी जगम्मनपुर ने किया।

भाजपा में गरीबों का सम्मान सुरक्षित, सुनामी की लहर चार सौ के पार

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसमें गरीबों का सम्मान सुरक्षित है। बाबा साहब अंबेडकर के मूल्यों और आदर्शों का पूरा सम्मान किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाई विनोद सोनकर को भारी मतों से जिताएं। उपमुख्य मत्री भाजपा प्रत्यासी विनोद सोनकर के नामांकन मे भी भाग लियां

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंझनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब बेसहारा लोगों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी में सुरक्षित है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मूल्यों आदर्श का पूरा सम्मान भारतीय जनता पार्टी करती है। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए विकास योजनाओं के साथ–साथ आयुष्मान कार्ड से ५ लाख तक का मुक्त इलाज करने की सुविधा दी गई। वहीं उज्वला गैस योजना से गैस कनेक्शन बिजली कनेक्शन तथा घर–घर नल से जल देने की योजना लागू की गई। जनपद में गंभीर से गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास से कार्य करती है। प्रधानमंत्री भाई नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को भारी मतों से जीताकर तीसरी बार बड़ी पंचायत में भेजने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। जबकि कांग्रेस और सपा पार्टी गरीबों के साथ न्याय करने में असमर्थ है। इंडिया गठबंधन कोई मजबूत गठबंधन नहीं है। इससे बेहतर है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य मत देकर विजई बनाएं। जन सभा से पहले उपमुख्य मंत्री केषव प्रसाद मौर्य ने सांसद विनोद सोनकर के नामांकन मे पहुच कर नामंकन पत्र दाखिल करायां

सपा की लोक सभा चुनाव मे होगी जमानत जब्त-लाल बहादुर

कौशाम्बी । आगामी २० मई लोकसभा चुनाव नेताओं और लोगों के सर पर मंडरा रहा है सभी पार्टियां नुक्कड़ सभाएं कर एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप कर रहे हैं वही २०२२ में भारतीय जनता पार्टी के लाल बहादुर और समाजवादी पार्टी के इंद्रजीत सरोज का कांटे की लड़ाई हुई थी जिसमें समाजवादी पार्टी के इंद्रजीत सरोज मंझनपुर के विधायक बने और वही लाल बहादुर मंझनपुर के विधायक रहे लेकिन चुनाव में समाजवादी पार्टी के सामने औंधे मुंह गिर गए यहां तक की भाजपा के लाल बहादुर को अपना जमानत जप्त बचाना मुश्किल हो गया था इतनी करारी हार हुई थी कि कभी किसी ने सोचा नहीं था लेकिन वही लाल बहादुर आज मंच पर कह रहे हैं जो स्वयं सपा के सामने टिक नहीं सके वहीं मंच पर आज झूठा ढिंढोरा पीट रहे हैं की सपा २०२४ में साफ हो जाएगी इनकी बातों पर कैसे यकीन किया जाए जो सपा के सामने टिक नहीं सके जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र में तीनों सपा के सामने औंधे मुंह गिरी थी लग रहा है कि लाल बहादुर भूल गए कि हम चुनाव में तीनों विधानसभा चुनाव में सपा के सामने हार गए और खुद सपा हो होने वाले दूसरे को साफ करना कहते हैं लोगों के हृदय में गूंज रहा है कि स्वयं साफ होने वाले दूसरे को साफ कैसे कर सकते हैं यह बात जन–जन में व्याप्त हो गया है यह बात बिच्छू के डंक की तरह फैल गया है कि लाल बहादुर २०२२ में सपा के सामने साफ हो गए हैं अब कैसे सपा को साफ करेंगे यह बड़ी माकूल की बात है। गोस्वामी तुलसीदास महाराज जी ने सही कहा है कि कलयुग में झूठे लोगों की पहचान होगी लाल बहादुर २०२२ के चुनाव में सपा के सामने हार गए और कलयुग का प्रमाण देखिए समाजवादी पार्टी के सामने हार कर मंच पर लाल बहादुर कैसे बोल रहे हैं।

मुलायम सिंह यादव की मौत के बाद समाजवादी पार्टी उनकी नीतिओ से भटकी :- अभय सिंह

व्यूरो नीलम सिंह

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने तारुन के सरायशेख महमूद में एक सभा के दौरान आरोपों की लगाई झड़ी, बताया अब की समाजवादी पार्टी में पवित्र रामचरितमानस जो कि हम सभी लोगों के जीवन की सारी शिक्षा उपलब्ध कराता है ऐसे पवित्र ग्रंथ के पन्ने फाड़ना,मां दुर्गा पर असब्द टिप्पणी करना व हद तो तब हो गई जब हमें अपने पूर्वज प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिए किया गया मना जिससे मन में हुई अपार पीड़ा। वही भरे मंच से बताया कि हमारे पिता व हमारी पत्नी बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और मेरे पिता के आदेश के क्रम में मैं भी आने वाली 4 तारीख को बीजेपी के कुछ नेता के समक्ष आप सभी लोग भगवा गमछा लेकर सनातनी हो जाएगा। जहां पर बताते चलें कि अभय सिंह पूर्व में हुए राजसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर चर्चाओं में आये कल मंगलवार को तारुन ब्लाक के सरायशेख महमूद स्थित राम सूचित महाविद्यालय में अपने समर्थकों की भारी भीड़ जुटाकर अपना बर्चस्व बरकरार रक्खा। वही सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव ने उनके जेल में रहते हुये समाजवादी पार्टी से उन्हें टिकट दिया था जिसका अहसान मैं और मेरा परिवार कभी नही भुला सकता लेकिन नेता जी की मौत के बाद उनकी नीतियों का पालन पार्टी में नही हो रहा श्री सिंह ने कहा कि नेता जी अपने कार्यकर्ताओं के लिए परछाई की तरह खड़े रहते थे। लेकिन आज समाजवादी पार्टी हमारे किसान,नौजवान व नेता जेल में बंद हैं लेकिन पार्टी उनके लिए कोई लड़ाई नही लड़ रही हैं। वही अभय सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामनाथ कोविंद व द्रोपती मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर दलितों समाज का सम्मान किया है, जिसके लिए मैं मोदी योगी अमितशाह का शुक्र गुजार हूँ। भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्यों का गुणगान करते हुए अभय सिंह तरह–तरह की बातें बताएं जहां पूरा स्कूल प्रांगण भारत माता की जय व प्रभु श्री राम के नारों से गुंजमान रहा। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव पूजन पाण्डेय व संचालन जमुना वर्मा ने किया। जहां पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से शकुंतला निषाद,अनिल भारती,त्रिभुवन प्रजापति,इंद्रजीत यादव,शिवपूजन यादव, राकेश सिंह,राजमणि यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय प्रताप सिंह,मलखान सिंह,नीरज सिंह,के के सिंह,पिंटू सिंह,भारत वर्मा, कृष्ण कुमार प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता ने सभा संबोधित किया। जहां पर भारी संख्या में क्षेत्र व विधानसभा वासी रहे मौजूद

जनसभा में भीड़ एकत्रित करने को बेरोजगार युवकों को दिया पेट्रोल और पैसों का लालच,नही मिला तो काटा हंगामा,

कौशाम्बी । जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किए जाने का मामला सामने आया है,जहा बेरोजगार युवकों को बाइक में पेट्रोल भरवाने और नगदी रुपए देने का लालच देकर भाजपा की जनसभा में बुलाया गया था,लेकिन पेट्रोल और रुपए नही मिलने पर सैकड़ो युवाओं ने पेट्रोल पम्प पर ही हंगामा काटा, मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प का है जहा भाजपा की जनसभा में भीड़ एकत्रित करने के लिए बेरोजगार युवकों को २५० का पेट्रोल और ५०० रुपए नगद देने का लालच देकर बुलाया गया, बेरोजगार युवक अपनी बाइक लेकर पेट्रोल पम्प पहुंचे तो उनकी बाइक में मात्र ५० रुपए का ही पेट्रोल भरवाया गया,जिससे युवक नाराज हो गए और पेट्रोल पम्प पर ही हंगामा शुरू कर दिया।

सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी ने डिप्टी सीएम के साथ किया नामांकन

कौशाम्बी। अनुसूचित जाति सुरक्षित सीट ५० कौशांबी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ने उपमुख्यमंत्री के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक तथा कर्बी के विधायक भी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य पूर्व विधायक लाल बहादुर और संजय गुप्ता तथा कर्बी विधायक ने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र दिया इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन पत्र का अवलोकन कर अपने पास रख लिया इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की ८० सीटों पर अपना कब्जा होने का दावा करते हुए मोदी की सुनामी लहर का बखान किया।

निर्वाचन को लेकर आज जिले में सरगर्मी छाई रही

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

अयोध्या। लोकसभा 54 फैजाबाद से पंजीकृत राजनीतिक दल आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेंद्र दत्त त्रिपाठी ने आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया नामांकन

करने पर अभ्यर्थियों को दी जाने वाली पावती में नामांकन त्रुटि रहित और समस्त प्रकार से पूर्ण पाया गया। नामांकन करने के उपरांत निर्वाचन अधिकारी के कक्ष के बाहर निकलने पर पत्रकारों को उत्तर देते हुए बी. डी. त्रिपाठी ने कहा कि अब फैसला जनता को करना है कि वह थके–चुके और पेंशन लेने–बढ़ाने की कतार में लगे लोगों को अपना नेता चुनना चाहती है या फिर सड़क और संसद तक की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाने में सक्षम व्यक्ति को अपना नेता चुनेगी, इस आम चुनाव में लड़ाई जनता बनाम सरकार की हो गई है कुछ लोग सरकार के खिलाफ वोट करेंगे और कुछ लोग सरकार के पक्ष में वोट करेंगे दोनों तरफ वोट करने वालों को यह सोचना होगा की जिन्हें वे चुन रहे हैं उनका मतदाता की निजी जिंदगी में सहूलियत लाने में क्या योगदान मिलने की संभावना है। अनुभवों से लदे हुए बूढ़े बरगद अपने को बचाने में ही खर्च हो जाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि फैजाबाद के मतदाता चाहेंगे तो एक नए युग का सूत्रपात आरंभ होगा अधिवक्ता गौतम तिवारी मनोज सिंह, अरुण प्रजापति, शबनम खान, आशीष मिश्रा, राजीव कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव विकी, बृजनंदन यादव, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दीपक कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष तारकनाथ मिश्रा, बनारस से चुनाव लड़ रहे डॉक्टर रिपुंजय सिंह सहित अनेकों प्रबुद्ध गणमान्य नागरिक जन इस नामांकन में भाग लिया।

भगवान परशुराम जयंती मनाने का निर्णय

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

अयोध्या। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में संपन्न बैठक में आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा और सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर इंद्रप्रकाश तिवारी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महामन्त्री लषणधर त्रिपाठी ने किया। परिषद के कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में धर्मेंद्र कुमार पांडे के दुखद मृत्यु के समाचार पर श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य अथिति आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा विशिष्ठ अतिथि इंद्र प्रकाश तिवारी सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर जीएसटी रहे। आगामी 10मई को परशुराम जयंती श्री राम मंत्रार्थ मंडपम हनुमान गुफा के निकट अयोध्या धाम बाईपास रोड पर 10रू00 से मनाई जाएगी।उसी दिन दोराही कुआं राम कोट स्थित भगवान परशुराम भवन की आधारशिला रखी जाएगी। कार्यक्रम,मे डॉक्टर आर डी पांडेय, परमानन्द पाठक, करूणा शंकर त्रिपाठी,राजेंद्र प्रसाद मिश्र ,वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, यज्ञ नारायण चतुर्वेदी, चंद्रशेखर पांडे, बाबूराम पांडे ,उमाशंकर तिवारी, ,विनीत पांडे, वर्तिका, वंदनापांडे ,कौशल किशोर मिश्रा, राम जी दुबे ,बिंदेश्वरी प्रसाद पांडे, देवेंद्र पांडे, राधेश्याम पांडे, राम तिलक पांडे, राम धीरज पांडे, पवन कुमार तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, सूर्यपाल पांडे, पंडित आशीष मिश्रा, देवी प्रसाद दुबे, विनोद तिवारी ,राजेंद्र प्रसाद तिवारी, ,कृष्ण कुमार तिवारी, पंचम कुमार तिवारी, देवमणि तिवारी, अशोक तिवारी, आकाश तिवारी ,आलोक कुमार मिश्रा ,जगन्नाथ पांडे ,विश्वनाथ त्रिपाठी ,ओमप्रकाश पांडे , हरिशचंद्र मिश्रा ,सदानंद पांडे, हेमंत मिश्रा, रविंद्र कुमार पांडे देवेंद्र पांडे सूर्यपाल पांडे सूर्याश,आदि भारीसंख्या मे ब्राह्मण बन्धु उपस्थित रहे।

श्रेया हास्पिटल में इलाज के दौरान हुई अधेड़ महिला की हुई मौत

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, सदर कोतवाली क्षेत्र के श्रेया हास्पिटल में लापरवाही से इलाज करने से एक 55 वर्षीय अधेड़ महिला की बुधवार की शाम हुई मौत परिजनों ने धड़ल्ले से किया हंगामा अस्पताल संचालक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत अकछोर गांव निवासी लीलावती देवी 55 वर्षीय पत्नी मुन्नीलाल जिनको बीते सोमवार को पीड़ित अपने मरीज़ को पित्र की थैली में पथरी थी जिसका आपरेशन के लिए भर्ती कराया था जहां हजारों रुपए हास्पिटल संचालक द्वारा लिया गया और बुधवार की देर शाम डाक्टरों ने मेरे मरीज़ को मृत्यु घोषित कर दिया वहीं इसकी सूचना मिलते ही परिजनों ने हास्पिटल संचालक के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए हास्पिटल के डाक्टर के लापरवाही पर मुकदमा दर्ज करने व मुआवजा देने की बात करते हुए हंगामा किया इसकी सूचना होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों को किसी तरह समझा बुझा कर मामले को शांत कराया उधर पीड़ितों ने बताया कि हास्पिटल के लापरवाही के खिलाफ कोतवाली में एप्लिकेशन देने जा रहे हैं समाचार पत्र खिलें जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

सम्पादकीय

पंतजलि आयुर्वेद को फटकार

भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंतजलि आयुर्वेद को कड़ी फटकार लगाई। अपनी दवाओं के लिए भ्रामक दावों को लेकर अदालत की अवमानना करने पर सुनवाई चल रही है।

अदालत ने आदेश जारी किया कि वह बड़े साइज में माफीनामे का विज्ञापन जारी करें। रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि माफीनामा 67 अखबारों में दिया गया है। इस पर अदालत ने जानना चाहा कि क्या यह पिछले विज्ञापनों के आकार का था।

रोहतगी के इस पर केवल दस लाख रुपये खर्च करने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, यह भी कहा कि हमें पंतजलि के खिलाफ ऐसी याचिका दायर करने के लिए आईएमए पर एक हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की मांग की गई है जिस पर अदालत ने प्रॉक्सी याचिका होने का संदेह व्यक्त किया।

केंद्र को इस पर जागना चाहिए कहते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को भी लताड़ लगाई। पंतजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्रवाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को अपने समक्ष पेश होने का आदेश दिया था।

यह सुनवाई इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर जारी है। पंतजलि योगपीठ को भी अब सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा, जुर्माना और ब्याज के रूप में उसे साढ़े चार करोड़ रुपये भी अदा करने हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार रामदेव की नेटवर्थ चौदह सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की है।

पंतजलि का कुल रेवन्यू तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। निरूसंदेह उन्होंने आयुर्वेद और योग को पुनरू प्रचारित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके अलावा, योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति आमजन में ललक पैदा करने में भी उन्होंने महती भूमिका निभाई है। मगर इसके लिए भ्रम फैलाने या भ्रामक विज्ञापनों के जरिए जनता को बरगलाने की उन्हें छूट तो नहीं ही मिल सकती। मंत्रालय को भी इसके लिए दोषी माना जाना जरूरी है। बात यहां अकेले पंतजलि की नहीं है, बल्कि कोई भी कंपनी अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए यदि इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश करती है तो उस पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

साथ ही, भविष्य में भी इस तरह की हरकत करने पर भारी जुर्माना जड़ा जाना चाहिए। मरीजों और उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर जिस तरह की लापरवाही अपने यहां जारी है, उसे रोकने के कड़े कदम तत्काल उठाए जाने बेहद जरूरी हैं।

सामाजिक न्याय के आंदोलन से उपजे नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा

लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा। सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978–80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं।मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया–सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है।देखा जाये तो देश की सामाजिक न्याय की राजनीति के अग्रदूत, मंडल की विचारधारा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार सहित कई समाजवादी नेताओं को जन्म दिया। लेकिन इन दलों ने मंडल को भुला दिया। आज मंडल का पैतृक घर और उनके नाम पर स्मारक मुरहो गांव में उपेक्षा के शिकार दिखते हैं। इस गांव के लोगों का कहना है कि लालू और नीतीश ने सामाजिक न्याय आंदोलन को कमजोर कर दिया क्योंकि दोनों ने अपनी–अपनी जातियों को बढ़ावा दिया और दलितों को कुछ नहीं दिया इसीलिए वह अब भी गरीब बने हुए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि महादलितों की हालत और इस गांव की हालत देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर राजनीति करने वालों ने देश और समाज को कुछ नहीं दिया।

हम आपको बता दें कि यादवों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्र मधेपुरा में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान हो रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि मुरहो गांव से शुरू हुए सामाजिक न्याय के गौरवशाली आंदोलन से जुड़ी यादें जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। उल्लेखनीय है कि मुरहो गांव यादव बहुल है और इसके अन्य समुदायों में कुर्मी और पचपनिया जैसे कुछ अन्य ओबीसी समूहों के साथ–साथ महादलित भी शामिल हैं। यहां के लोग इस गांव का भाग्य बदलने की उम्मीद छोड़ चुके हैं।

गांव के युवक कहते हैं कि बीएड की डिग्री ली, आईटीआई का प्रमाणपत्र लिया लेकिन कोई नौकरी नहीं मिली। अधिकांश युवक स्कूली बच्चों को खुले में ट्यूशन पढ़ा कर अपना काम चलाते हैं। बेरोजगारी की स्थिति को लेकर युवकों की नाराजगी हर दल से है। युवकों का कहना है कि कोई भी वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं कर रहा है। असली मुद्दा बेरोजगारी है। युवकों का कहना है कि बड़ी डिग्री लेने के बावजूद चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन किया है लेकिन एक साल से परीक्षा ही आयोजित नहीं की जा रही है। युवकों का कहना है कि परीक्षा आयोजित भी हो तो पेपर लीक हो जाता है जिससे बड़ा नुकसान होता है। गांव वालों की शिकायत है कि यहां की सुध लेने के लिए कोई राजनेता नहीं आता है। लोगों का कहना है कि हर घर जल योजना के तहत आ रहा पानी अच्छी गुणवत्ता का नहीं है। लोगों का कहना है कि नल तो हैं लेकिन गांव में नालियां नहीं हैं जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है। हम आपको बता दें कि मधेपुरा में 2019 के लोकसभा चुनावों में जेडीयू के दिनेश चंद्र यादव ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले शरद यादव को 3 लाख से अधिक वोटों से हराया था। इस बार, मौजूदा सांसद दिनेश का मुकाबला राजद के चंद्रदीप यादव से है, जो शिक्षाविद् और पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार रवि के बेटे हैं। माना जा रहा है कि इस बार क्षेत्र में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

–नीरज कुमार दुबे

गंभीर कदम उठाने होंगे

सुशील देव

कई वजहों हमारा पर्यावरण और वातावरण दूषित हो रहा है, जिसके हम किस्तों में शिकार बन रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदाथरे के कारण हम पहले से ही कई बीमारियों की जद में हैं, लगातार प्रदूषण के कारण हमारी सांसें उखड़ रही हैं तो आए दिन जलवायु परिवर्तन की वजहों से हमें अकल्पनीय विपत्तियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उस पर घातक व मारक माइक्रो प्लास्टिक ने हमें चिंता में डाल दिया है। प्लास्टिक के कण जाने–अनजाने में हमारी आंखों से होते हुए शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों तक पहुंच रहे हैं, जो हमारे दिमाग पर भी असर डालने लगा है। दिमाग तक असर डालने का मतलब मानव जाति के लिए प्लास्टिक के छोटे–छोटे कण खतरनाक संदेश दे रहे हैं। इसलिए हमें इस खतरे को देखते हुए पहले ही चेत जाना चाहिए। द यूनिर्वसटिी ऑफ न्यू मैक्सिको एंड हेल्थ साइंसेज से जुड़े वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह दावा किया है कि माइक्रो प्लास्टिक ने हमें गहरे तौर पर अपने शिकंजे में ले लिया है, इससे छुटकारा पाने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे, वरना स्थिति बहुत भयावह होने वाली है। अध्ययन के मुताबिक प्लास्टिक प्रदूषण के महीन कण भोजन, पानी और हवा में घुल चुके हैं जो न केवल हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि हमारे आंतों से होते हुए शरीर के अन्य अहम अंगों जैसे गुर्दा, लीवर और मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। दूसरा अध्ययन यह भी बताता है कि माइक्रो प्लास्टिक समुद्री जानवर और पौधों में भी पाए गए हैं। इतना ही नहीं, हम जिस बोतल बंद पानी को शान से शुद्धता की दुहाई देकर पीते हैं उनमें भी माइक्रो प्लास्टिक के अंश मिल रहे हैं। यह बेहद महीन कण होते हैं जिसे हम नंगी आंखों से नहीं देख सकते, जो अत्यंत जहरीले और केमिकल की शक्ल में होते हैं। आज प्लास्टिक किसी न किसी रूप में घर–घर में घुस चुका है जिससे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। प्लास्टिक कप, थर्मोकोल, सजावट के समान, प्लास्टिक स्ट्रॉ, पैकेजिंग फिल्म, पीवीसी बैनर, गुब्बारे लगाने वाली प्लास्टिक की डांडिया, प्लास्टिक बैग, झंडा, टॉफी कैंडी के स्टिक, प्लास्टिक के बर्तन, शादी कार्ड, मिठाई के डब्बे, दवा की की बोतलें, बाल्टी आदि से लेकर सैकड़ों घरेलू वस्तुएं जो हमारे दैनिक जीवन व्यवहार में हैं, उनसे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। हालांकि सरकार और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की पहल से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प समय–समय पर सुझाए गए हैं। कई योजनाओं पर काम भी चल रहे हैं। मगर इसके खतरनाक परिणाम को लोग अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। मोटा–मोटी जूट बैग, प्लैटिनम, सिलिकॉन, स्टेनलेस स्टील, कांच, मिट्टी के बर्तन या चीनी मिट्टी के उत्पादों का इस्तेमाल करके हम इस खतरे से थोड़ा बच सकते हैं। प्लास्टिक पर्यावरण वन्य जीवन और आमजन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है और इससे निकलने वाले जहरीले रसायन भूजल को प्रदूषित कर रहे हैं, जिससे घातक जानलेवा बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने माइक्रो प्लास्टिक की मात्रा की पहचान करने के लिए चूहों पर अध्ययन किया जिसमें पाया कि चूहे तो सिर्फ चार सप्ताह के लिए माइक्रो प्लास्टिक के संपर्क में आए थे तब उनमें कई तरह की खतरनाक बदलाव देखे गए। शोधकर्ताओं ने इंसानी शरीर में जमा होते माइक्रो प्लास्टिक को लेकर गहरी चिंता जताई है क्योंकि धीरे–धीरे हमारे शरीर के अंगों से होते हुए अब यह इंसानी मस्तिष्क को प्रभावित करने लगा है। सरकार इस समस्या के निदान के लिए कार्य तो कर रही है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई जो चिंताजनक है। गौरतलब है कि पूरे देश में एक जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक के 20 आइटमों को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली में इन आइटमों पर प्रतिबंध के बावजूद रोक अब तक प्रभावी नहीं दिखी है। अब दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी यानी डीपीसीसी ने इसके लिए एसओपी तैयार कर ली है। दिल्ली में लंबे वक्त से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगी हुई है। बार–बार अभियान चलाए जाने के बावजूद ये रोक असरदार साबित नहीं हुई है। बड़ी बात यह है कि इनका उत्पादन और बिक्री बंद नहीं हुई है। दिन–ब–दिन प्लास्टिक हमारे ईको–सिस्टम को बर्बाद कर रहा है। इसका संयुक्त भार प्रतिवर्ष करीब 300 मिलियन टन है जो जलमागरे और समुद्रों को अवरुद्ध कर रहा है, सड़कों को जाम कर रहा है, वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। भविष्य की भयावह स्थिति से निपटने के लिए राज्य और केंद्र सरकार को और चुस्त होने की आवश्यकता है। उन्हें जागरूकता के लिए कई स्तरों पर काम करना चाहिए। यदि स्कूली पाठ्यक्रम में बच्चों को शुरू से ही प्लास्टिक के दुर्गुणों के बारे में बताया जाए तो कुछ हद तक प्लास्टिक पर नियंत्रण की कोशिश सफल हो सकती है। स्कूलों के करिकुलर एक्टिविटीज में प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे में बताया जाना चाहिए।

आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लम्बे समय से रूके हुए सरकारी काम आज पूरे हो जायेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे।

शुभ रंग– हरा
शुभ अंक– 8

वृष राशि–आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके प्रयासों से परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। लेकिन सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार अवश्य करें। आज विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई और करियर से संबंधित गतिविधियों को लेकर गंभीर रहेंगे। अपरिचित लोगों पर बिल्कुल भी भरोसा ना करें।

शुभ रंग– केसरिया
शुभ अंक– 7

मिथुन राशि– आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ भी सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे।

शुभ रंग– पीला
शुभ अंक– 3

कर्क राशि– आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा, आप धार्मिक समारोह का आयोजन करवा सकते है। आज आपको उन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, जो आपको गलत राह पर ले जाने की सोचते हैं।

शुभ रंग– लाल
शुभ अंक– 2

सिंह राशि– आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढिया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा। ऑफिस में बहुत दिनों से रुके हुये कामों को आप आसानी से निपटा लेंगे।

शुभ रंग– नारंगी
शुभ अंक– 4

कन्या राशि–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज घर में नवीन वस्तु की खरीदारी भी संभव है। साथ ही रिश्तेदारों की आवा–जाही बनी रहेगी। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको ख्याति मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे।

शुभ रंग– गुलाबी
शुभ अंक– 6

तुला राशि– आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों में फाइनेंस का ध्यान जरूर रखें। आज व्यवसायियों के साथ चल रहीप्रतिस्पर्धा से दूर रहें। आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यभार की अधिकता की वजह से ऑफिस में देर तक रुकना पड़ सकता है। आपके उत्तम व्यक्तित्व औरव्यवहार कुशलता की वजह से सामाजिक गतिविधियों में आपकी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी। आज कोई व्यवसायिक यात्रा होने की संभावना है। आज आप पारिवारिक कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

शुभ रंग– भूरा
शुभ अंक– 6

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के मामलों में उलझने से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। मेहनत के बल पर आपको काम में सफलता मिलेगी। अगर किसी को पैसा उधार दे रहे हैं, तो उससे संबंधित लिखित कार्रवाई करना जरूरी है। बच्चों की सफलता से आपको गर्व की अनुभूति होगी।

शुभ रंग– काला
शुभ अंक– 2

धनु राशि–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी विशेष सफलता को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे, जिसमे काफी हद तक सफल भी रहेंगे। आज अचानक कुछ खर्चे सामने आएंगे। फैसले लेने में दिक्कत आए तो किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह अवश्य ले। निश्चित ही हल निकलेगा। फाइनेंस संबंधी मामलों में किसी भी तरह की समस्या आने पर किसी अनुभवी का मार्गदर्शन लेना उचित रहेगा। जीवनसाथी आज आपके साथ घूमने के लिए कह सकते है। साथ ही किसी रेस्टोरेंट में लंच करने भी जाएंगे।

शुभ रंग– सिल्वर
शुभ अंक– 3

मकर राशि–आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सकारात्मक विचारधारा के लोगों के संपर्क में रहने का अवसर मिलेगा। आज अपनी मूल्यवान वस्तुओं को बहुत संभालकर रखें, साथ ही अनावश्यक बढ़ते खर्चों पर भी अंकुश लगाएं। आज छात्र अपने करियर संबंधी समस्याओं को सहपाठियों से शेयर करेंगे। अधिकतर व्यावसायिक काम समय पर निपट जाएंगे। परंतु कार्यभार की अधिकता अभी बनी रहेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। व्यापार में लिए गए ठोस औरमहत्वपूर्ण निर्णय फायदेमंद साबित होंगे।

शुभ रंग– सफेद
शुभ अंक– 9

कुंभ राशि–आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कोई शुभ समाचार मिलेगा औरखास काम बन जाने से मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रकार की प्रॉपर्टी संबंधी अगर कोई मामला रुका हुआ है, तो आज वह पूरा हो जायेगा। आज सफलता पाने के लिए बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। दूसरों की बातों पर विश्वास ना करके अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे तो आपका काम बन जायेगा। दूर रहकर नौकरी करने वालों को आज अपने परिवार वालों से मिलने का मौका मिलेगा। आज आपके व्यवहार से प्रभावित होकर, लोग आपसे जुडना चाहेंगे।

शुभ रंग– लाल
शुभ अंक– 1

मीन राशि–आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है।बिजनेस में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। हर काम योजना बनाकर पूरा करने की कोशिश करें। नौकरी कर रहे लोगों को कोई नयी जिम्मेदारी दी जा सकती है। जिसे आप बखुबी पूरा कर लेंगे। ध्यान रखिए कि घर की बात बाहर उजागर ना हो। आज आपको कोई खास उपलब्धि मिलने वाली है। इसलिए व्यवस्थित दिनचर्या बनाएं औरअपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। छात्रों को अपनी पढ़ाई और करियर को लेकर की गई मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

शुभ रंग– गुलाबी

बाईक सवार युवकों को पीटने का मामला दर्ज

मौदहा हमीरपुर। कस्बा मौदहा निवासी दो युवकों ने बाइक सवार दो युवकों को रोक मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताते चले की कस्बे के मराठीपुरा मोहल्ला निवासी अमित सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि जब वह सिजनौड़ा के बजरंग बली मंदिर से वापस आ रहा था तभी मोहल्ले के ही निवासी निकेश, बउआ तथा दो अज्ञात लोगों ने बाइक के से पत्थर डाल कर अकारण ही मारपीट करना शुरू कर दिया, जिसमे पीड़ित गम्भीर रूप से घायल हो गए और कोतवाली पहुंच तहरीर देते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के अनुसार आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर, जांच पड़ताल की जा रही है।

सम्पत्ति को लेकर भाईयों में विवाद

मौदहा हमीरपुर। संपत्ति विवाद को लेकर पारिवारिक आपस में बढ़ गए, जिसमें एक भाई को अधिक चोट आई हैं, जिस पर कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार मौदहा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुरदहा निवासी राम लखन पुत्र रामदेव ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि, उसके पारिवारिक भाई शिवभवन पुत्र राजाराम, रामखेलावन, राहुल, विपिन आदि मकान के बंटवारे को लेकर शाम 8रू30 बजे उसे गाली गलौज करने लगे और मारपीट शुरू कर दी है, किसी तरह वह जान बचाकर कोतवाली पहुंचा और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए, अपने परिजनों से जान बचाने के लिए मांग करने लगा, तभी कोतवाली पुलिस ने तत्काल आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है।

डीआरएम के आकस्मिक निरीक्षण में खुली दावों की पोल

मौदहा। हमीरपुर। रागौल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को देख स्टेशन प्रबंधन को फटकार लगा, जल्द कमियों को दुरस्त करने को कहा, इसके बाद वह अन्य गंतव्य को रवाना हो गए।

बताते चलें कि मौदहा स्थित रागौल रेलवे स्टेशन में आज डी आर एम दीपक कुमार सिन्हा ने औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने निर्माण कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसपर पेयजल व्यवस्था को देख , गंदगी मिलने पर स्टेशन प्रबंधन को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरस्त करने को कहा है, इसके साथ ही अचानक डी आर एम के पहुंचने पर स्टेशन स्टॉफ में अफरा तफरी का माहौल हो गया। खास बात यह है कि जब कभी उच्चाधिकारियों का निरीक्षण होता है तो स्टेशन को दुल्हन की तरह सजा दिया जाता है, और उनके जाते ही शौचालय में ताला डाल दिया जाता है, साथ ही यात्रियों को अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है।

अलग अलग सडक़ हादसों में एक महिला सहित पांच घायल

मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र में हुई अलग–अलग घटनाओं में एक महिला सहित पांच घायल सभी घायलों को गंभीर अवस्था में परिजन एवं राजगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद पुष्पेंद्र की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात कस्बा के मराठीपुरा निवासी पुष्पेंद्र सिंह (32) पुत्र अरुण सिंह अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया ।तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने आनंद–फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना भुलसी निवासी गनेशा (18) पुत्र चंगू साथ में बाइक सवार कल्ली पत्नी भुरा के साथ सिसोलर जा रहे थे तभी खादरा डेरा के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर घायल हो गए दोनों घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तीसरी घटना अतुल गुप्ता (27) पुत्र आसाराम व छोटू गुप्ता (22) पुत्र आसाराम दोनों भाई बाइक में सवार होकर बड़े चौराहा की ओर जा रहे थे बाइक स्लिप हो जाने से सड़क पर घायल हो गए ।लहू लुहान हालत में दोनों घायलों को राजगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है।

एक पखवाड़े से गायब युवक का सुराग नहीं

मौदहा हमीरपुर ।बीते 14 अप्रैल से गायब युवक का कोई सुराग नहीं लगा है जिसपर युवक की पत्नी ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डीहाडेरा निवासी लक्ष्मी पत्नी छोटे ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति छोटे पुत्र सूरज 14 अप्रैल को दोपहर बाद करीब तीन बजे घर से निकल गया था लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं है महिला ने बताया कि उसने अपने रिश्तेदारों सहित जो गांव के लड़के बाहरी शहरों में काम करते हैं वहां तक फोन द्वारा पता करा लिया है लेकिन उसके पति का कोई सुराग नहीं लग सका है पीड़िता ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच की गुहार लगाई है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

सरीला हमीरपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को चंडौत गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में

मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान लोगों से किया गया। मौके पर छात्राओं ने बहकावे में तुम कभी आना, सोच समझकर बटन दबाना, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट देना गर्व है, जनता का यह पर्व है,का संदेश नाटक के माध्यम से दिया. नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जन मानस को मतदाता के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक मूलचंद्र सिंह बीएलओ अश्वनी कुमार, रूपसिंह, सत्यवीर, विनय राजपूत, एवं रामजी सेंगर, नारायण सिंह यादव, सुर्याशकांत सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

एक्शन एड द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र विकाशखंड नगवा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र खलियारी में अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया जिसमे एचआरडी कमलेश कुमार ने बताया की मजदूरों को जागरूक करने और सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से श्रमिक अधिकारों के लिए संघर्षरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को चुनौतियों एवम उनके सशक्तिकरण में वर्क्स कलेक्टिव का भूमिका आदि हेतु अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जा रहा है मजदूरों के हक अधिकार दिलाने के लिए एक्शन एड मददगार साबित हो रहा है एक मजदूर जो अपनी आजीविका के लिए घर छोड़कर इस आशा के साथ पलायन करता है कि उसे रोजगार मिलेगा और इसी रोजगार के जरिए वो अपने जीवन के बेहतरी का सपना देखता है, जिसमें परिवार के पोषण की जिम्मेदारी के साथ–साथ भूखमरी से पीछा छुड़ाने का संघर्ष शामिल होता है। ऐसे में भारत के गांवो और शहरों में कामगारों की बहुत बड़ी आबादी है, जो आमतौर पर एक जगह से दूसरे जगह काम की तलाश में विस्थापन का मार झेलते है. ये मजदूर ज्यादातर दिहाड़ी पर काम करते हैं जो दिहाड़ी होती है वो अमूमन काफी कम होती है.

इससे मजदूर कभी अपने गरीबी के कुचक्र को तोड ही नहीं पाता. डा, रविन्द्र ने बताया की भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों, खेतों या कारखानों में काम करने के लिए हर साल मौसमी मजदूर पलायन करते हैं. ये ऐसा कार्यबल है कि इनके बिना शायद ही भारत के कारखाने, खेत और निर्माण स्थल संचालित हो पाए। फिर भी उन्हें कम वेतन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है. हमारा क्रूर कॉरपोरेट समाज इनकी आत्मा को मसल कर, हर दिन इन्हें हाशिए पर ढ़केल देता है इसी क्रम में अयोध्या प्रसाद ने बताया की मजदूरों की मजदूरी महागाई को देखते हुए काम से कम 500रुपया मिलनी चाहिए और यह मजदूरी समय से मिलनी चाहिए साथ ही साथ श्रम विभाग की योजनाओं का भी लाभ सभी मजदूरों मिले जिससे की असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को मुख्यधारा में जोडा जा सके इसके अलावा जिस जिस क्षेत्र में मजदूर काम कर रहे है उन्हे उन क्षेत्रों में संपूर्ण व्यवस्था दी जाए जिससे की उन्हे किसी प्रकार की समस्या न हो सके । इस कार्यक्रम में रेशमी , कुसुम , पार्वती , आदि सैकड़ों मजदूरों ने प्रतिभाग किया।

श्रमिको को मिले प्रमाण पत्र खिले चेहरे

लखनऊ मोहनलालगंज श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिको को प्रमाण पत्र वितरण के साथ योजनाओंकी जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा बैंक में आपका खाता जरूर होना चाहिए तभी आपको योजनाओं का लाभ मिल सकता है । मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र खुझौली में आयोजित कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान (सा०नि०) लखनऊ के निदेशक सौरभ कुमार खरे के नेतृत्व में श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र खुझौली में विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बैंक ऑफ इंडिया खुझौली के सहायक शाखा प्रबंधक आर्यन रस्तोगी ने बैंक की योजनाओं की विस्तृत रूप से श्रमिको को जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक श्रमिक का बैंक में खाता होना अनिवार्य है खाता खुलने से खाता धारक को अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना के अलावा श्रमिकों को रोजगार

स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण लेकर अपना स्वरोजगार संचालित कर सकते हैं कार्यक्रम के उपरांत श्री रस्तोगी ने श्रमिको को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। तथा इस अवसर पर संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष वार्षिक गतिविधि जागरूकता परक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि श्रमिको को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया जा सके, कार्यक्रम में प्रशिक्षिका शिप्रा श्रीवास्तव, राजेश्वरी,महेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी व श्रमिक आदि सहयोगी उपस्थित रहे।

स्कोर एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समाँ

माधोगढ़ जालौन

बच्चे के साथ स्कूल व अभिभावक जब तीनों मिलकर मेहनत करते हैं तभी सार्थक परिणाम आते हैं। यह बात बतौर मुख्य अतिथि हरिओम उपाध्याय पूर्व मंत्री ने स्कोर एकेडमी सिरसा में कही।विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे के पी सिंह ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम के विशिष्टअतिथि प्रबल प्रताप अटागांव ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक ज्ञान, एवं जीवन को सफल बनाने के व्यावहारिक व नैतिक शिक्षा का ज्ञान होना आवश्यक है। जीवन को आगे बढ़ाने के लिए जहां भी शिक्षा मिले उसे लेने पर परहेज नहीं करना चाहिए। शिक्षा हमें ज्ञान साथ नम्र बनाती

है। क्षत्रिय परिषद जिलाध्यक्ष दीपक राजावत ने बच्चों से पढ़ाई में मेहनत करने की सलाह दी तथा शिक्षकों से कहा कि वह बच्चों से मित्रवत व्यवहार बनाये, बच्चे पूछने में संकोच न करें। जब बच्चा झिझक से दूर होगा तो वह अपनी कमजोरी छिपायेगा नहीं बल्कि दूर करने का प्रयास करेगा!इस मौके पर बचपन किड्स प्रबंधक शिवप्रताप सिंह, शीला एकेडमी प्रबंधक आशीष दीक्षित, प्रबंधक अजीत राजावत, प्रमोद मिश्रा प्रधानाचार्य मोहित राठौर, उपेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र सविता अज्जू पचौरी आदि लोग उपस्थित रहे।

पीडीए समाज ने सैकड़ों की संख्या में सपा की सदस्यता ली

लखनऊ मोहनलालगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को सैकड़ों की संख्या में पिछड़े दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी की नीतियों में आस्था व्यक्त

करते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को समाजवादी पार्टी के मोहनलालगंज लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री श्री आरके चौधरी ने सदस्यता ग्रहण करायी। सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के पक्ष में अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। पूर्व विधायक श्री अम्बरीश सिंह पुष्कर ने कहा कि यह लड़ाई संविधान, लोकतंत्र बचाने की है। सदस्यता ग्रहण समारोह के संयोजक व समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि श्री अखिलेश यादव सामाजिक न्याय व आधुनिक विचारों के प्रतीक बन चुके है उनके नेतृत्व में पीडीए एकजूट होकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है। श्रवण यादव, हरिशंकर रावत, राजकुमार पासी, रविदत्त, गजराज रावत ने सम्बोधित किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में श्रीराम रावत, रामरतन, धर्मेंद्र रावत एडवोकेट, राजेन्द्र रावत,रमेश रावत,उमेश वर्मा,संतू लोधी, रामसजीवन, रामसागर,शिवपाल रावत, संदीप कनौजिया, अरविंद रावत, राधेश्याम, रामप्रताप,मुकेश रावत,राम अधीन, मनोज लोधी, हेमराज,शोभनाथ,विपिन रावत , छोटेलाल लोधी,कैलाशर प्रमुख रूप से शामिल रहे।।

उत्कृष्ट छात्र के रूप में सम्मानित हुए चरखारी विधायक के पुत्र ओम राजपूत

सेंट जार्ज कालेज मसूरी में आयोजित हुआ था समारोह

उरई,जालौन। सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी ने अपने अलंकरण और पुरस्कार वितरण समारोह में चरखारी के विधायक डॉ ब्रजभूषण राजपूत के पुत्र ओम राजपूत को उत्कृष्ट छात्र के रूप में सम्मानित किया है और अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड मौजूद रहे। विधायक डॉ ब्रजभूषण

राजपूत के पुत्र ओम राजपूत सेंट जॉर्ज कॉलेज मंसूरी के कक्षा 10 के छात्र हैं जहां उनके कार्य व्यवहार शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर गठित जूरी ने उन्हें वर्ष 2023 को उत्कृष्ट छात्र चुना गया है। 27 अप्रैल को, सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी ने अपने अलंकरण और पुरस्कार वितरण समारोह की मेजबानी की। जिसमें आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड रहे। कार्यक्रम के दौरान, नवनियुक्त छात्र निकाय परिषद ने स्कूल द्वारा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ ली। इसके अतिरिक्त, कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को 2023 शैक्षणिक वर्ष में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। योग्य प्राप्तकर्ताओं को अकादमिक टॉपर, उत्कृष्ट छात्र आदि पुरस्कार प्रदान किए गए। ओम राजपूत के अलावा बिस्मन कौर को आईसीएसई 2023 बोर्ड परीक्षाओं में उनके असाधारण परिणामों के लिए 50 हजार रुपये की प्रतिष्ठित द्वि–शताब्दी छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीजीपी अभिनव कुमार ने नवनिर्वाचित छात्र संघ समिति तथा अवार्ड प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आज के छात्र ही कल देश का नेतृत्व करेंगे। इस मौके पर छात्र व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। विधायक के पुत्र की उपलब्धि पर शुभ चिंतको, मित्रों परिवारजनों सहित नगर व जिले के लोगों नें बच्चें को बधाई दी।

भाजपा प्रत्याशी के चौपाल कार्यक्रम में रितेश पाण्डेय का हुआ जोरदार स्वागत, पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा झूठी अफवाहों पर न जाए

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद सैय्यद

टांडा अंबेडकरनगर रू भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने चौपाल कर्यक्रम के बीच अपने सम्बोधन में कहा झूठी अफवाहों व झूठे प्रचार पर न जाए कही पर भी कोई संविधान खतरे में नहीं है यह सब विपक्ष की चाल है चुनाव जीतने के लिए यहां विस्तृत जानकारी देते चलू 55 लोकसभा 278 टांडा विधानसभा में लोकप्रिय सांसद व भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे जी का चौपाल कार्यक्रम टांडा वा सदरपुर मंडल में संपन्न हुआ टांडा मंडल में कश्मीरिया वा सदरपुर मंडल में ब्राहिमपुर कुसमा में संपन्न हुआ। जिसमे भाजपा प्रत्याशी व सांसद रितेश पांडे जी का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी वा सांसद रितेश पांडे जी ने कहा अब चुनाव मतदान के ज्यादा दिन नहीं है आपके बीच में विपक्ष के लोग आएंगे झूठी अफवाहें फैलाएंगे झूठे प्रचार करेंगे आप लोगों को भ्रमित करने का काम करेंगे आपको होशियार रहना होगा यह झूठे अफवाहें और झूठे प्रचार करके आप लोगों का वोट लेना चाहते हैं आप लोगों को जो जनकल्याणकारी योजनाएं मिल रही है मोदी सरकार की उस पर ताला लगाना चाहते हैं। विपक्ष के लोग झूठे प्रचार कर रहे हैं कि संविधान खतरे में है यह विपक्ष की चाल है यह झूठी अफवाहें और प्रचार कर रहे हैं मोदी सरकार में संविधान

को कोई खतरा नहीं है। सांसद रितेश पांडे जी ने कहा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जो दलितो, मजदूरो ,वंचितों गरीबों, को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है विपक्ष के लोगों से देखा नहीं जा रहा है इसलिए वह झूठी अफवाहें फैला रहे हैं सांसद रितेश पांडे जी ने लोगों से पूछा आप लोगों की को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीबों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मन निधि, माता बहनों के लिए उज्ज्वला योजना शौचालय योजना शौचालय योजना, हर घर जल योजना आप लोगों के बीच बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है कि नहीं पहुंच रहा है इस पर सभा में बैठे लोगों ने हाथ उठाकर हां की आवाज लगा कर मोदी सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए। सांसद रितेश पांडे ने विपक्ष के प्रत्याशी पर हमला बोलते हुए कहा जब यह मंत्री थे और सदरपुर टांडा का मेडिकल कॉलेज बन रहा था उस समय बड़े पैमाने पर मेडिकल कॉलेज में घोटाला करके मंत्री रहते हुए बरुआ जालकी में अपना कॉलेज का नर्सिंग होम बनवा रहे थे। तमाम घोटाले कर के कॉलेज खड़ा किया उन्होंने का विपक्ष की जब सरकार रही थी तो किसी भी योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचता था लूटपाट कर अपनी जेब भरने का काम विपक्ष के लोग करते थे सांसद रितेश पांडे जी ने कहा हमारे प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की है आने वाले समय में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम करेंगे, 3 करोड लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजनाएं दी जाएगी। उन्होंने जनता से अपील किया आने वाले 25 तारीख को अपना महत्वपूर्ण वोट भाजपा को दे और मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत के संकल्प मार्ग में अपनी अहम भूमिका अदा करें। कार्यक्रम में भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक रामसूरत मौर्या ने भी संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दो दान महत्वपूर्ण होता है एक दान कन्यादान होता है और दूसरा मतदान होता है आप अपना महत्वपूर्ण मतदान भाजपा की मोदी सरकार को देकर भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी व सांसद रितेश पांडे जी को जिताकर दिल्ली भेजने का काम करें। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार में टांडा के अंदर महिलाएं माता बहने सुरक्षित नहीं महसूस कर रही थी जब वह घर से निकलती थी तो गुंडे बदमाश छीटा काशी करते थे लेकिन भाजपा की सरकार में किसी में किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं है की माताओ एवं बहनों को छेड़ दें। यह परिवर्तन भाजपा की सरकार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टांडा विधानसभा संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक संजू देवी, श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक राम सूरत मौर्य, टांडा विधानसभा मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, गोंडा के ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष टांडा तेजस्वी जायसवाल, सदरपुर मंडल अध्यक्ष रामधनी वर्मा, राकेश यादव, मनोज यादव, शक्ति केंद्र संयोजक रामजन्म वर्मा, कश्मीरिया सभासद पुष्पा देवी, नीलकमल, बूथ अध्यक्ष अनूप पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक राकेश कुमार, बूथ अध्यक्ष राहुल चौरसिया, राकेश, विजय कुमार, अशोक विश्वकर्मा, गुड्डू प्रधान,आशीष सोनी, दुर्गेश पाठक, अमित पांडे, मनोज साहू, घनश्याम यादव, फूलचंद यादव, सतीश जायसवाल, राहुल रमन, रोहित गोडसे महिलाओं में ज्योति सिंह, निर्मला देवी, मंजू, अंजली सहित सहित तमाम कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।

आईपीएल प्लेआफ में नहीं खेलेंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी, पाकिस्तान को लेकर इसीबी ने जारी किया फरमान

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। वहीं ईसीबी ने आईपीएल 2024 में खेल रहे अपने खिलाड़ियों के लिए फरमान जारी किया है।

दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। मंगलवार को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। वहीं ईसीबी ने आईपीएल 2024 में खेल रहे अपने खिलाड़ियों के लिए फरमान जारी किया है। दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। जिस कारण इंग्लैंड खिलाड़ी आईपीएल 2024 प्लेऑफ में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वहीं आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल को देखते हुए सबसे ज्यादा नुकसान राजस्थान रॉयल्स और केकेआर का होगा। केकेआर के लिए फिल सॉल्ट गजब की फॉर्म में है जबकि रॉयल्स के लिए इंग्लैंड कप्तान जोस बटलर जमकर रन बना रहे हैं। साथ ही आईपीएल 2024 के प्लेऑफ मैच 21 मई से खेले जाने हैं जबकि 22 मई से इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। ईसीबी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए एक ही स्क्वॉड रखा है। 22 मई से 30 मई तक ये सीरीज खेली जानी है। जबकि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में इंग्लैंड अपना पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के खिलाफ बारबाडोस में 4 जून को खेलेगा। लेकिन उससे पहले इंग्लिश खिलाड़ियों को आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटना होगा और 31 मई को टीम वेस्टइंडीज के लिए रवाना होगी। इंग्लैंड के टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड की बात करें तो टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। इसके अलावा टीम में क्रिस जॉर्डन की भी वापसी हुई है। आईपीएल में शानदार खेल दिखाने वाले फिल सॉल्ट

रिंकू सिंह को टीम में मौका नहीं मिलने पर भड़के फैंस, ऐसा रहा रिएक्शन

टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी वाले भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत और संजू सैमसन को चुना गया है जबकि फिनिशर रिंकू रिंह को टीम में जगह नहीं गिली है। बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी वाले भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत और संजू सैमसन को चुना गया है जबकि फिनिशर रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली है। जिसके बाद फैंस सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप आगाज 2 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होने जा रहा है। स्क्वॉड में रिंकू सिंह को जगह नहीं मिलना सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है। बीसीसीआई के इस फैसले से उनके फैंस में निराशा है। वर्ल्ड कप टीम में केएल राहुल और शुबमन गिल को भी जगह नहीं मिली है। विकेटकीपर के लिए पहली पसंद ऋषभ पंत जबकि दूसरी संजू सैमसन है। वहीं दूसरी तरफ सलामी जोड़ी रोहित और यशस्वी की ओपनिंग जोड़ी बरकरार है। जबकि तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं। गिल रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में रखे गए हैं। फैंस को इन खिलाड़ियों को नहीं होना भी खल रहा है।

साउथ अफ्रीका ने किया टीम का ऐलान, एडेन मार्कराम को मिली कमान

टी 20 वर्डकप 2024 के लिए साउथ अफ्रीका टीम का ऐलान हो गया है। इस टीम की कमान एडेन मार्करम को सौंपी गई है। साथ ही साथ ही दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में जगह दी गई है। वहीं, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी जैसे गेंदबाज को ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को टीम का ऐलान किया था। वहीं साउथ अफ्रीका टीम की कमान एडेन मार्कराम के हाथों में सौंपी गई है। साथ ही दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में

जगह दी गई है। वहीं, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी जैसे गेंदबाज को ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि, साउथ अफ्रीका की व्हाइट बॉल टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। ये मेगा इवेंट एक जून से और 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऐडन मार्कराम पहली बार आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, उनको काफी समय पहले टीम का कप्तान घोषित कर दिया गया था। इसके अलावा टीम में दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में शामिल किया है, जिनमें बल्लेबाज रयान रिकेलटन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन शामिल हैं। वहीं, रिजर्व प्लेयर्स की लिस्ट में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी का नाम शामिल है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इस प्रकार है एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, जेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

जल्द होगा ऐलान.. टी 20 वर्डकप की टीम के लिए अहमदाबाद में बैठक करेंगे भारतीय सेलेक्टर्स

जल्द ही भारतीय फैंस का इतंजार भी खत्म होगा। इंडियन एक्सप्रेस की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक टीम चयन के लिए भारतीय टीम के चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर और अन्य सिलेक्टर्स 30 अप्रैल को अहमदाबाद में बैठक करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप की घोषणा करने की समय सी 1 मई है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों के ऐलान का सिलसिल शुरू हो गया है। अब जल्द ही भारतीय फैंस का इतंजार भी खत्म होगा। इंडियन एक्सप्रेस की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक टीम चयन के लिए भारतीय टीम के चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर और अन्य सिलेक्टर्स 30 अप्रैल को अहमदाबाद में बैठक करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप की घोषणा करने की रागय रीा 1 गई है। वहीं इरगी कड़ी में न्यूजीलैंड जैरगी अन्य बड़ी टीगों ने पहले ही मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषमा कर दी है। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर टीम की घोषणा करने से पहले आज अहमदाबाद में चयन समिति के साथ बैठक करने वाले हैं। इस बैठक के बाद ही बोर्ड टीम का ऐलान करेगा। पिछले कुछ दिनों में अगरकर द्वारा की गई ये दूसरी बैठक थी।

मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन पर माइकल क्लार्क का बयान, कहा–गुटबाजी ने काम खराब कर दिया

माइकल क्लार्क का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतना व्यक्तिगत प्रतिभा के बजाय एकजुट होकर टीम के रूप में प्रदर्शन करने पर निर्भर करता है। उनका मानना है कि मुंबई इंडियंस का खेमा समूहों में बंटा हुआ है जिससे खिलाड़ियों के एकजुट होकर प्रदर्शन करने में बाधा आ रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतना व्यक्तिगत प्रतिभा के बजाय एकजुट होकर टीम के रूप में प्रदर्शन करने पर निर्भर करता है। उनका मानना है कि मुंबई इंडियंस का खेमा समूहों में बंटा हुआ है जिससे खिलाड़ियों के एकजुट होकर प्रदर्शन करने में बाधा आ रही है। सत्र से पूर्व कप्तानी में अचानक बदलाव करते हुए रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कमान सौंपे जाने से पांच बार की चौंपियन टीम में निराशा है। प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए टीम को अपने बाकी बचे सभी पांच मैच जीतने होंगे। क्लार्क ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव' पर कहा, "हां, मुझे नहीं पता (वे प्ले ऑफ में पहुंचेंगे या नहीं)।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम बाहर रो जो देख रहे हैं, उरारो कहीं अधिक चल रहा है और इतने सारे अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद आपको प्रदर्शन में इस तरह निरंतरता की कमी नहीं हो सकती।" ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, "मुझे लगता है कि उरा ड्रेरिंग रूम के अंदर अलग–अलग समूह हैं और कुछ चीज काम नहीं कर रही है। वे एकजुट नहीं हो पा रहे, वे एक टीम के रूप में नहीं खेल रहे हैं।"रोहित, सूर्यकुमार यादव, पंड्या, टिग डेविड और जराप्रीत बुगराह जैसे अनुभवी मैच विजेताओं की गौजूदगी के बावजूद गुंबई इंडियन्रा की टीम को जीत हासिल करने के लिए जूझना पड़ रहा है और टीम अपने नौ में से छह मैच गंवा चुकी है। टीम की तीन जीत का श्रेय तेज गेंदबाज बुमराह और बड़े हिट लगाने वाले रोमारियो शेफर्ड की व्यक्तिगत प्रतिभा को दिया जा सकता है। क्लार्क ने कहा, "व्यक्तिगत प्रतिभा उन्हें जीत दिला सकती है, अगर रोहित शर्मा आते हैं और एक और शतक बनाते हैं या हार्दिक बल्ले से कुछ करते हैं या बुगराह फिर रो जीनियस की तरह गेंदबाजी करते हैं तो कुछ भी हो राकता है।' उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए आपको एक टीम बनने की जरूरत है, ना कि केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन की और दुर्भाग्य से उन्होंने एक टीम के रूप में अच्छा नहीं खेला है इरालिए मुझे उम्गीद है कि वे इरो बदल देंगे।" अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही मुंबई की टीम मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जाइंट्स से भिड़ेगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान, हार्दिक पंड्या उपकप्तान, केएल राहुल बाहर

आखिरकार भारतीय फैंरा का इतंजार खत्म हो गया है। बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। जहां बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, संजू सैमसन को टीम में शामिल किया गया है। जबकि केएल राहुल को मौका नहीं मिला है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। जहां रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है जबकि हार्दिक पंड्या को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। साथ ही टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और संजू सैमसन को शामिल किया गया है। जबकि केएल राहुल को मौका नहीं मिला है। वहीं, रिंकू सिंह, शुबमन गिल, खलिल अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। टीम में शिवम दुबे को भी मौका मिला है।दरअसल, टीम के ऐलान से पहले अहमदाबाद के आईटीसी नर्मदा होटल में सेलेक्टर्स की बैठक हुई। इरामें चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद टीम इंडिया का ऐलान किया गया। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड इस प्रकार हैरोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। इससे पहले न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम की कमान केन विलियमसन, साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी एडेन गारक्रम और इंग्लैंड की कमान जोरा बटलर को सौंपी गई है।

इंग्लैंड ने टी 20 वर्डकप 2024 के लिए की टीम की घोषणा, जोफ्रा आर्चर की टीम में वापसी

न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका के बाद अब इंग्लैंड ने भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जिसकी कमान जोस बटलर के हाथों में होगी। वहीं जून में होने वाले इस मेगा इवेंट के लिए इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों का ऐलान जारी है। न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका के बाद अब इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जिसकी कमान जोस बटलर के हाथों में होगी। वहीं जून में होने वाले इस मेगा इवेंट के लिए इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। जबकि क्रिस वोक्स की जगह क्रिस जॉर्डन को टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि, जोफ्रा आर्चर दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं। उन्हें टीम में शागिल किया गया है। टी20 फॉर्मेट में आर्चर ने आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ एक साल पहले खेला था। जबकि टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी टॉम हार्टले को भी मौका मिला है। वहीं विल जैक्स के साथ, वे एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले किसी आईसीसी वर्ल्ड टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है।

वहीं टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 8 चयनित खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं। जिन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए समय पर लौटने की सलाह दी गई है। बता दें कि, 22 मई 2024 को ये सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी। इंग्लैंड की टी20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाग लिविंगरटोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीरा टॉपले, गार्क वुड।

हल्दी को सीधे चेहरे पर लगाना सही होता है या नहीं ? जानें ये कैसे करती है असर

हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है, ऐसे में लोग कई प्रयास करते हैं, कुछ लोग तो घरेलू नुस्खे भी आजमाते हैं. ऐसे में अक्सर लोग चेहरे पर हल्दी का इरतेगाल करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं हल्दी को सीधा चेहरे पर लगाना त्वचा के लिए सही होता है या नहीं?

हल्दी के नुकसान

हल्दी को सदियों से त्वचा के लिए इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन हल्दी को सीधे चेहरे पर लगाने के नुकसान हो सकते हैं, कुछ लोगों को हल्दी से त्वचा जलन, खुजली और लालिमा जैसी समस्या होने की संभावना रहती है. इसके अलावा हल्दी में थोड़ा सुखाने वाला प्रभाव होता है, इसलिए सूखी त्वचा वाले लोगों को इसका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए.

यही नहीं कुछ लोगों को हल्दी सीधे चेहरे पर लगाने से लाल फुंसियां होने लगती है. इसका सीधा इस्तेमाल करने से कुछ लोगों को एलर्जी हो सकती है. आप कुछ चीजों में हल्दी को मिलकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं. आइए जानते हैं, इसके इस्तेमाल के बारे में.ऐसे करें हल्दी का इस्तेमाल

हल्दी पाउडर को आप दूध, दही या शहद के साथ मिलाकर पेरट बना ले. इरा पेरट को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट के लिए लगाए, फिर धो लें. इसके अलावा आप हल्दी पाउडर को बेसन के साथ मिलकर भी लगा सकते हैं. इसके लिए आपको हल्दी और बेसन को मिलाकर थोड़ा पानी डालकर पेस्ट बनाना होगा. इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं, फिर धो लें.हल्दी पाउडर और चंदन पाउडर को मिलकर थोड़ा पानी डालकर इसका पेस्ट बना ले. इस पेस्ट को चेहरे



और गर्दन पर लगाएं 20 मिनट के बाद इसे धो ले. ऐसा करने से पहले आप पैच टेरट जरूर करे. इराका इस्तेमाल कर आप आसानी से चेहरे को चमकदार बना सकते हैं. ध्यान रहें कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की रालाह जरूर लें.

गर्मियों में ट्रैवल कर रहे हैं तो ऐसे तैयार रहें, कंफर्टेबल के साथ–साथ स्टाइलिश भी दिखेंगी

गर्मी के महीनों के दौरान यात्रा करना रोमांच और विश्राम के अनंत अवसर प्रदान करता है। चाहे आप समुद्र तट पर छुट्टी, लंबी पैदल यात्रा या शहर की खोज की योजना बना रहे हों, अपनी यात्रा के दौरान आराम और शैली दोनों सुनिश्चित करने के लिए समझदारी से पैक करना आवश्यक है।

1. हल्के कपड़ों के विकल्प

जब गर्मियों की यात्रा की बात आती है, तो हल्के और सांस लेने योग्य कपड़े आपके सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। गर्म मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने के लिए सूती, लिनन या नमी सोखने वाले सिंथेटिक्स जैसी सामग्री से बने कपड़े चुनें।

2. बहुमुखी पोशाक विकल्प

ऐसे बहुमुखी टुकड़े पैक करें जो बिना अधिक पैकिंग के अलग–अलग लुक देने के लिए आसानी से मिश्रित और मेल खा राकें। सुंड्रेरोरा, शॉर्ट्रा, टैंक टॉप और हल्की परतों जैसी वरतुओं को पैक करने पर विचार करें जिन्हें तापमान बदलने पर परतदार या हटाया जा सकता है।

3. धूप से सुरक्षा अनिवार्य

गर्मियों की यात्रा के दौरान अपनी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाना महत्वपूर्ण है। अपने आप को यूवी विकिरण से बचाने के लिए उच्च एसपीएफ वाला सनस्क्रीन, धूप का चश्मा, चौड़ी किनारी वाली टोपी और यूपीएफ सुरक्षा वाले हल्के कपड़े पैक करना सुनिश्चित करें।

4. आरामदायक जूते

आपके द्वारा नियोजित गतिविधियों के लिए उपयुक्त आरामदायक जूते चुनें। पैदल भ्रमण और शहरों की खोज के लिए, गद्देदार तलवों वाले सहायक स्नीकर्स या सैंडल चुनें।

यदि आप समुद्र तट या पूल पर रामय बिता रहे हैं, तो वाटरप्रूफ फ्लिप–फ्लॉप या पानी के जूते पैक करें।

5. पोर्टेबल हाइड्रेशन समाधान

हाइड्रेटेड रहना महत्वपूर्ण है, खासकर गर्म मौसम में। यात्रा के दौरान हाइड्रेटेड रहने के लिए एक रिफिल करने योग्य पानी की बोतल लाएँ, और बाहरी गतिविधियों के दौरान खोए पोषक तत्वों की भरपाई के लिए इलेक्ट्रोलाइट टैबलेट या पाउडर पैक करने पर विचार करें।

6. कॉम्पैक्ट यात्रा सहायक उपकरण

अपने आराम और सुविधा को बढ़ाने वाले कॉम्पैक्ट यात्रा सहायक उपकरण पैक करके अपने सामान में जगह को अधिकतम करें। एक यात्रा के आकार का छाता, बहुमुखी स्टाइल के लिए एक हल्का रकार्फ, आपके उपकरणों के लिए एक पोर्टेबल चार्जर और लंबी यात्राओं के लिए एक यात्रा तकिया जैसी चीजें एक बड़ा अंतर ला सकती हैं।

आम, तरबूज और खरबूजा क्या फ्रिज में रखना सही होता है ? क्या आप भी रखते हैं ?

ताजे फल और सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं. इन्हें डाइजेस्ट करना भी काफी आसान होता है लेकिन गर्मियों में लोग इन चीजों को फ्रिज में स्टोर करते उन्हें लगता है कि बाहर फल या सब्जियां खराब हो सकती हैं, उन्हें फ्रिज में रखकर लंबे समय तक बचाया जा सकता है. अगर आपको भी ऐसी गलतफहलमी है तो बता दें कि कुछ फल ऐसे हैं, जिन्हें फ्रिज में रखने से वे टॉक्सिस बन जाते है और सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले फल आम, तरबूज और खरबूजे को फ्रिज में रखना चाहिए या नहीं...क्या फ्रिज में रखना चाहिए आम, तरबूज–खरबूजा गर्मी के मौमस में सबसे ज्यादा खाए जाने वाले फलों में आम, खरबूज और तरबूज का नाम आता है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि इन दोनों ही फलों को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए. इन्हें फ्रिज के बाहर ही रखना अच्छा होता है. ऐसा इसलिए क्योंकि कम तापमान पर इनके खराब होने के चांसेस सबसे ज्यादा रहते हैं. आम और तरबूज–खरबूजे को तो काटकर कभी गलती से भी फ्रिज में स्टोर नहीं करने चाहिए.

संजय लीला भंसाली की हीरामंडी का नया गाना आजादी हुआ रिलीजय आजादी के लिए लड़ती दिखीं तवायफें

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार रिलीज के नजदीक पहुंच गई है। स्रूक्च अपनी सीरीज के साथ ऑडियंस को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं। अब तक हीरामंडी के दो गाने तिलस्मी बाहें और सकल बन जारी किए जा चुके हैं। अब सीरीज का तीसरा गाना आजादी भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें हीरामंडी की तवायफें अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते हुए नजर आ रही हैं। संजय लीला भंसाली भव्य फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। देवदास से लेकर पद्मावत तक, उनकी लगभग हर फिल्म में ग्रैंड सेट और शानदार कॉस्ट्यूम्स देखने को मिले। अब डायरेक्टर हीरामंडी के साथ भी यही हैरान करने के लिए तैयार हैं। सीरीज के अपने टीजर और ट्रेलर रिलीज से ही दर्शकों के बीच चर्चा बटोर रहा है। हीरामंडी का गाना आजादी देश के गुमनाम नायकों और आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले फ्रीडम फाइटर्स को सम्मानित करने के लिए बनाया गया है। सीरीज के इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख अंग्रेजों के खिलाफ जंग में शामिल होते हुए नजर आ रही हैं।

हीरामंडी के गाने आजादी को अर्चना गोरे, प्रगति जोशी, आरोही, अदिति पॉल, तरन्नुम और अदिति प्रभुदेसाई ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। वहीं, बोल लिखे हैं ए एम तुराज ने। गाने में ढोल और पखावज जैसे पारंपरिक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल किया गया है।

बाक्स आफिस पर आयुष शर्मा की रुसलान की हालत खास्ता, तीन दिन में 3 करोड़ भी नहीं कमाई पाई रुस्लान

सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा की लेटेस्ट फिल्म रुस्लान काफी हो– हल्ले के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि इस एक्शन पैक्ड फिल्म की ओपनिंग बेहद खराब रही. मेकर्स को उम्मीद थी कि वीकेंड पर रुस्लान की कमाई में तेजी आएगी लेकिन शनिवार और रविवार का कलेक्शन भी रूलाने वाला रहा. चलिए यहां जानते हैं आयुष शर्मा की फिल्म की वीकेंड की बॉक्स

ऑफिस रिपोर्ट कैसी है?

आयुष शर्मा ने सलमान खान प्रोडक्शन की फिल्म 'लवयात्री से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही. इसके बाद अपने आयुष की दूसरी फिल्म भी सलमान खान प्रोडक्शन की ही 'अंतिमरू द फाइनल ट्रूथ' थी. इस फिल्म में अपने बहनोई के साथ सलमान खान भी नजर आए थे. लेकिन ये फिल्म भी टिकट खिडकी पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी.

इसके बाद आयुष के करियर की तीसरी फिल्म रुस्लान हाल ही में रिलीज हुई है. इस फिल्म के लिए आयुष ने अपने लुक पर काफी मेहनत भी की थी हालांकि ये फिल्म भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में असफल साबित हुई हैं. फिल्म ओपनिंड डे पर ही पिट गई और इसने मुश्किल से लाखों में कलेक्शन किया. वहीं वीकेंड़ पर भी ये फिल्म लाखों में रिगटकर रह गई. रुरलान की कमाई की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 55 लाख की कमाई की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 75 लाख रुपये कमाए. वहीं अब रुस्लान की रिलीज के तीसरे दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रुस्लान ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 79 लाख की कमाई की है. इसी के साथ रुस्लान की तीन दिनों की कुल कमाई अब 2.09 करोड़ रुपये हो गई है.आयुष शर्मा की फिल्म रुस्लान का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हो चुका है. ये फिल्म रिलीज के तीन दिन बाद भी 2 करोड की कमाई नहीं कर पाई है. 25 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए इसके 1(करोड़ का कलेक्शन करना भ मुश्किल लग रहा है. ऐसे मे 'मैदान' और 'बड़े मियां छोटे मियां के बाद अब रुस्लान भी बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो चुकी है.रुस्लान का निर्देशन करण ललित बुटानी ने किया है. इस फिल्म की स्टार कास्ट की बात करें तो रुस्लान में आयुष शर्मा के अलावा सुश्री श्रेय मिश्रा, जगपति बाबू और विद्य मालवदे जैसे कई शानदार कलाकारे ने अभिनय किया है.

अनुपमा परमेश्वरन की नई फिल्म को मिला दिलचस्प शीर्षक, परधा का फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी

साउथ की स्टार अभिनेत्री अनुपमा परमेश्वरन की नई फिल्म का नाम परधा है। अनुपमा परमेश्वरन वर्तमान में टिल्लू स्क्वायर की शानदार सफलता के बाद अपने करियर की ऊंचाइयों का अनुभव कर रही हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर 130 करोड़ के करीब की कमाई के साथ एक बड़ी हिट के रूप में उभरी। इस सफलता ने उन्हें फिर से सुर्खियों में ला दिया है, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे अधिक मांग वाली अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं।उन्होंने जिन परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए हैं उनमें रो एक निर्देशक प्रवीण कंद्रेगुला के साथ है, जो नेटफिलक्रा द्वारा निर्गित प्रशंरित ग्रामीण नाटक सिनेमा बंदी में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उनका सहयोग एक ग्रामीण मनोरंजन होगा, जो ग्रामीण आकर्षण और आकर्षक कहानी कहने का मिश्रण होगा।फिल्म को लेकर उत्साह चरम पर है, हाल ही में घोषणा की गई है कि इसका नाम पराधा रखा गया है। कॉन्सेप्ट वीडियो और शीर्षक ने ज्वालाम्बिका देवी को दिखाने के साथ जिज्ञासा के स्तर को बढ़ा दिया और आध्यात्मिक मंत्रों की पृष्ठभूमि में अनुपमा का लुक सामने आया है। पराधा शीर्षक टैगलाइन इन द नेम ऑफ लव के साथ आता है और इसमें दर्शन राजेंद्रन, संगीता प्रमुख भूमिकाओं में हैं। परधा का निर्माण विजय डोनकाडा, श्रीनिवासुलु पीवी और श्रीधर मक्कुवा द्वारा किया जाएगा, जो यह सुनिश्चित करने के लिए संसाधन जुटाते हैं कि फिल्म एक अच्छे बजट पर बने। इस तरह के मजबूत समर्थन और अनुपमा की स्टार पावर के साथ, परधा एक देखने लायक फिल्म बनने के लिए तैयार है, जो दर्शकों को पसंद आने वाला मनोरंजन प्रदान करने का वादा करती है।

आपरेशन ट्राइडेंट का ऐलान, 1971 के इंडो–पाक वार पर रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर बना रहे फिल्म

भारत और पाकिस्तान का मुद्दा हमेशा गरमा–गरम रहता है. लोग इसके बारे में जानना चाहते हैं, देखना चाहते हैं और समझना चाहते हैं. शायद इसी वजह से भारतीय सिनेमा के अलग–अलग जोनर की फिल्में इस मुद्दे पर फिल्म बनती हैं. हिंदी सिनेमा में तो इस मुद्दे पर तमाम फिल्में बनी हैं. अब एक और फिल्म आ रही है जो इसी मुद्दे पर बनी है और फिल्म का नाम ऑपरेशन ट्राइडेंट है.इस फिल्म की कहानी 1971 में हुए इंडो–पाक वॉर पर आधारित होगी. जिसमें इंडियन नवी ने साहसिक हमला किया और उन्हें ऐतिहासिक जीत मिली थी. इसि फिल्म की कहानी आने वाली पीढियों को भी प्रेरित करेगी.

दिल्ली के नौसेना भवन से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. इस प्रोजेक्ट के बारे में एक्सेल मूवीज के इंस्टाग्राम पेज पर बताया गया है. इसमें कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें लिखा है कि एक्सेल और रानशाइन डिजिगीडिया प्ररतुत करते हैं ओपरेशन ट्राइडेंट इरागें 1971 में हुए भारत–पाकिरतान के उस वॉर को दिखाया जाएगा जिसे भारतीय नेवी ने जीता था.

सीएनएस एडमिरल आर हरि कुमार, रितेश सिधवानी (प्रोड्यूसर, एक्सेल एंटरटेनमेंट), कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी (को–प्रोड्यूसर्स, एक्सेल एंटरटेनमेंट), अभिनव शुक्ला (प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) प्रियंका बेलोरकर (को–प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) की मौजूदगी में हुई है.इस फिल्म को लेकर लोग एक्साइटेड हो सकते हैं क्योंकि ऐसे मुद्दों पर बनी फिल्मों को लोग खूब एन्जॉय करते हैं. फिलहाल फिल्म से जुड़ी दूसरी कोई बात सामने नहीं आई है. फिल्म का नाम फाइनल किया गया है और इसके आगे की जानकारी मेकर्स जरूर देंगे.

फरहान अख्तर और रितेश रिद्धवानी ने मिलकर एक्सल गूवीज प्रोडक्शन कंपनी खोली. इस कंपनी ने इससे पहले फुकरे सीरीज, डॉन सीरीज, गली बॉय, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, रईस, तलाश, लक बाय चांस जैसी बेहतरीन फिल्मों को बनाया गया है. फरहान अख्तर बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर, डायरेक्टर, सॉन्ग राइटर, डायलॉग्स राइटर और प्रोड्यूसर हैं.

बाक्स आफिस पर पटरी पर लौटी अजय देवगन की मैदान, 18वें दिन रहा ऐसा हाल



फिल्म मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।फिल्म में अजय देवगन ने कोच सैयद की भूमिका निभाई है। उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।चारों ओर से मिल रही तारीफों के बावजूद गैदान बॉक्रा ऑफिरा पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। हालांकि, वीकेंड पर एक बार फिर इस फिल्म ने अपनी रफ्तार पकड़ी है। अब मैदान की 18वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाइ एक बार फिर करोड़ों में कारोबार कर रही है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक मैदान तीसरे रविवार 1.9(करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसक कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 42.75 करोड़ रुपये हो गया है। टिकट खिडकी पर मैदान का सामन बड़े मियां छोटे मियां औ रुसलान से हो रहा है।मैदान से पहले अजय फिल्म शैतान में नजर आए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।अब अभिनेता फिल्म औरे में कहां दम था में दिखाइ देंगे। इसमें एक बार फिर तब्ब उनकी जोड़ीदार होंगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किय है।

यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इरा फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।इसके अलाव अजय सिंघम अगेन और रेड 2 जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने फिर पकड़ी रफ्तार, पार किया 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का खुमार तीसरे राप्ताह भी दर्शकों के रिर चढकर बोल रह है।एक्शन से भरपूर इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं।पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है और अब यह एक बार फिर पटरी पर लौटी है।बड़े मियां छोटे मियां ने टिकट खिडकी पर 60 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपनी रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे रविवार को 1.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 60.65 करोड़ रुपये हो गया है।मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और अलाया एफ जैसी अभिनेत्रियां भी बड़े मियां छोटे मियां का अहम हिस्सा हैं।खलनायक बन पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का जबरदस्त तडक लगाया है। खेल खेल में अक्षय की आगामी चर्चित फिल्मों में शुमा है। यह 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।फिल्म में अक्षय के साथ एक बार फिर तापसी पन्नू नजर आएंगी। इससे पहले दोनों बेबी और नाम शबाना जैसी 2 फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।वाणी कपूर के साथ यह अक्षय की पहली फिल्म है।फरदीन खान भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें अक्षय के साथ आखिरी बार हे बबी में देखा गया था।

शैतानी रस्में में डांस सीक्वेंस के जरिए पूरा किया अपना पैशन नकियाह हाजी

शो शैतानी रस्में में निक्की की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस नकियाह हाजी ने अपकमिंग एपिसोड

के लिए स्पेशल डांस सीक्वेंस की कोरियोग्राफी में हिस्सा लिया।आने वाले एपिसोड में नकियाह, सुरभि शुक्ला द्वारा अभिनीत ऑन–स्क्रीन ननद और ऋचा सोनी द्वारा अभिनीत सारा, श्रीजिता डे द्वारा अभिनीत छाया दयान का मुकाबला करने के लिए एक मिशन पर निकलती हैं।सीक्वेंस पर बात करते हुए, नकियाह ने कहा, डांस मेरा हमेशा से सबसे बड़ा पैशन रहा है। मैं खासतौर से इस स्पेशल सीक्वेंस की शूटिंग को लेकर रोमांचित हूं, जहां निक्की के किरदार में, मैं छाया दयान का ध्यान भटकाने के लिए डांस करती हूं। इस बीच, मेरे किरदार की सास ऋचा सोनी और ननद सुरभि शुक्ला, छाया दयान के छिपे हुए अतीत को उजागर करने और उसे हराने के लिए जुट जाती हैं।उन्होंन कहा, मेरे बिजी शूटिंग शेड्यूल और डांस के प्रति अपने प्यार के साथ टाइम मैनेजमेंट करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। हालांकि, अपकमिंग एपिसोड का लाभ उठाते हुए, मैंने न केवल अपने पैशन को पूरा किया बल्कि डांस को तैयार करने के लिए कोरियोग्राफर के साथ अपने इनपुट शेयर करने का भी मौका मिला।नकियाह इस सीक्वेंस को लेकर रोमांचित हैं, क्योंकि इससे उन्हें अपने पैशन के साथ फिर से जुडने का मौका मिला। उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय रूप से आनंददायक अनुभव था, और रिहर्सल से लेकर कैमरे के सामने परफॉर्म करने तक मुझे वास्तव में खुशी महसूस हुई। मुझे उम्मीद है कि मुझे डांस करने के अधिक अवसर मिलेंगे और मुझे विश्वास है कि दर्शक मेरे एक्सप्रेशन के जरिए मेरी खुशी को महसूस करेंगे। मुझे यकीन है कि हमारे दर्शक इसके हर पल का आनंद लेंगे। शैतानी रस्में स्टार भारत पर सोमवार से शनिवार रात 10 बजे प्रसारित होता है।

रेड साड़ी में रवीना टंडन का ग्लैमरस लुक, तस्वीरें देख फैंस हुए मदहोश

90 के दशक की दिग्गज अभिनेत्री रवीना टंडन सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपनी खूबसूरती



और ग्लैमरस लुक के कारण छाई रहती हैं. आए दिन वह अपनी स्टाइलिश तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस को दीवाना बना देती हैं. हाल ही में, रवीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह लाल रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में रवीना ने लाल रंग की ट्रांसपेरेंट साड़ी पहनी हुई है और उन्होंने अपने बालों को बांध रखा है. मेकअप के लिए, रवीना नग्न गुलाबी चमकदार होंठ, काजल–रिम वाली आंखें और हाइलाइट किए हुए गालों से सजी हुई हैं। के.जी.एफरू चौप्टर 2 की अभिनेत्री ने रुनहरे झुमके और गैचिंग चूडियाँ चुनीं। पोरट को कैप्शन दिया गया हैरू लाल। इरा प्रचंड गर्मी में! प्तग्लोबल वार्मिंग अराली है दोरतों। इरारो पहले कि बहुत देर हो जाए, जाग जाएं। रवीना इन तस्वीरों में अलग–अलग पोज दे रही हैं और अपनी दिलकश अदाओं से फैंस को मोह रही हैंफैशन डिजाइनर और अभिनेता अरबाज खान की पत्नी शूरा खान ने पोस्ट पर टिप्पणी की और कहारू स्टनर। सोनाक्षी सिन्हा ने फायर इमोजी गिराए।पटना शुक्ला में रवीना तन्वी शुक्ला का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म एक आम महिला तन्वी की असामान्य यात्रा के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक छात्र को रोल नंबर घोटाले में फंसते देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक मुख्यमंत्री उम्मीदवार के खिलाफ खड़ी है। अरबाज खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित, यह डिज्नीहॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हो रही है। काम के मोर्चे पर, रवीना की अगली फिल्म घुड़चढ़ी और वेलकम टू द जंगल है।

सही मानक से नहीं हो रहा सड़क मरम्मत, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, एक तरफ मरम्मत व दुसरे तरफ़ उखड़ना शुरू पटरियों पर नहीं डाली गई मिट्टी म्योरपुर विकासखंड अंतर्गत पड़री से परनी तक करीब 9 किलोमीटर लंम्बाई की बनने वाली सड़क का मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। अभी ठीक से 2 किमीवभी मरम्मत कार्य भी पुरा नही हुआ की दुसरे तरफ़ कुछ जगहों पर सड़क उखड़ने लगी। ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने का आरोपी लगाया है।

ग्रामीण अजय, बृजेश, राम अवध,सोनू यादव, मनोज कुमार, शिव जतन, विरेन्द्र, विकास, उमेश, रमेश, रजवन्ती, आरती इत्यादि व स्कुली बच्चों ने बताया कि पड़री से परनी तक पीडब्ल्यूडी से लगभग 9 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो ठीकेदार और अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाकर सड़क पर घटिया निर्माण सामग्री डालकर कमजोर

सड़क का निर्माण कराएं जाने का आरोप लगाया है। हफ्ता दिन पूर्व ही बनीं सड़क में सही मानक से सामग्री न डालने के कारण सड़क से रोड़ियां व गिट्टी वाहनों के चक्कों व हाथों से ही उखड़ रही है। सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सड़क पर माल भी पुरा नही डाला जा रहा है। एक हफ्ते बाद ही सड़क उखड़ने लग गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क निर्माण कार्य की जांच कर सही मानक से कराए जाने की मांग की है।

शहीद बंधू सिंह की 192 वीं जयंती भावपूर्ण ढंग से मनाई गई

' शहीद बंधू सिंह डिग्री कालेज करमहा सरदारनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा बंधू सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई

चौरीचौरा । अमर शहीद बंधू सिंह की 192 वीं जयंती आज बुधवार को शहीद बंधू सिंह डिग्री कालेज करमहा सरदारनगर में भावपूर्ण ढंग से मनाई गई । इस दौरान उनके कृतित्व को याद किया तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । शहीद बंधू सिंह डिग्री कालेज करमहा सरदारनगर में आयोजित महान क्रांतिकारी शहीद बंधू सिंह की 192 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य प्रद्युम्न द्विवेदी ने कहा कि अमर शहीद बंधू सिंह अपने 25 साल की युवा अवस्था में ही देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लडाई शुरू कर दिया था । देश की आजादी के लिए उन्होंने जो कुर्बानी दी उसे चौरीचौरा की जनता कभी भूल नहीं सकती । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रेम नरायन सिंह , रमानिवास पाण्डेय, धनंजय सिंह कौशिक सहित अन्य ने कहा कि आजतक देश पर राज करने वाली तमाम सरकारों ने अमर शहीद बंधू सिंह की शहादत को दबाने का काम किया था लेकिन बंधू सिंह के वंशज स्व विनय कुमार सिंह विन्नू ने अपने संघर्षों के बल पर बंधू सिंह द्वारा देश के प्रति दिए गए बलिदान को जनता और सरकार के सामने मजबूती से रखने का काम किया जिसे आज योगी–मोदी की सरकार भी बंधू सिंह के बलिदान को याद कर शहीद का दर्जा देने का कार्य किया । कार्यक्रम के आयोजक तथा बंधू सिंह के वंशज अजय कुमार सिंह टप्पु ने कहा कि शहीद बंधू सिंह का पूरा जीवन देश के लिए कुर्बान हो गया । उनके कृतित्व को याद कर हम सभी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते है । कार्यक्रम के दौरान तरकुलहा देवी मंदिर स्थित तथा शहीद स्थल चौरीचौरा पर भी अजय कुमार सिंह टप्पु तथा क्षेत्र जवार के सैकड़ो लोगों द्वारा शहीद बंधू सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता रमानिवास पाण्डेय तथा संचालन पंडित राज कुमार व्यास ने किया । इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्जुन उपाध्याय, शत्रुजीत तिवारी, राम सिंहासन शुक्ला, नरेन्द्र पाण्डेय, नरेन्द्र ओझा दाढ़ी बाबा, राजेन्द्र सिंह, पारस मल्ल, सर्वजीत सिंह, राकेश सिंह, चन्द्र भान गिरी, कमलेश दुबे, अवधराज सिंह, अनूप सिंह, विनय राय, भोला पासवान, रामदास पासवान, सुभाष पासवान एडवोकेट, महेश जायसवाल, बाबू राम यादव, राधेश्याम मौर्या पूर्व ग्राम प्रधान, वीरेन्द्र मौर्य,मनोज मौर्या, संजय जायसवाल, जय प्रकाश सिंह, शिव हरि सिंह, चूडा मणि शाही, राजू चंद, राजू सिंह, बीजेन्दर सिंह, पवन सिंह, शिव कुमार, बंशी धर राय, आनंद मिश्रा, बेनी माधव तिवारी, अक्षयवर यादव, अश्वनी मिश्रा, वकील पासवान, महा विद्यालय के प्राचार्य डा यूपी सिंह , डा अनिल सिंह, डा सुनील कुमार यादव, डा अर्चना यादव, डा किरन यादव, डा आनंद कुमार निषाद, डा सुनील कुमार निषाद, डा जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मन साहनी, डा राजेश शुक्ला, डा मनीष पाण्डेय, डा प्रिया श्रीवास्तव, डा रिंकल उपाध्याय, डा प्रफुल्ल कुमार, डा ब्यूटी उपाध्याय, डा कविता शर्मा, डा प्रवीण पाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

बालू खनन में विभाग की संलिप्तता से हो रहा राजस्व की क्षति

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र , चोपन बालू खनन में हो रहा बड़ा खेल राजस्व की भारी क्षति जैसे क्षेत्र में तरह– तरह के चर्चे व्याप्त हैं। वहीं विभाग मौन बनकर नज़ारे देखने में लगीं हैं ।जुगैल थाना अंतर्गत भगवा अगोरी खास ,महालपुर में इन दिनों वगैर परमिट की गाड़ियां ज्यादा लोड हो रहीं हैं।देखा जाए तो इस खेल में विभाग की संलिप्तता सामने आ रही है। खनन व्यवसायी अपनी लीज एरिया को छोड़ कर खनन करते देखे जा रहे है।जिसकी स्थानीय द्वारा शिकायत पर खामियों को विभाग द्वारा छुपाया जा रहा है। वहीं जिलापंचायत चेक पोस्ट पर जितनी गाडियां पर्ची कटवाकर निकलतीं है। कहीं उससे कम ही खनन क्षेत्र की एंट्री हैं। इससे प्रतीत हुआ कि बगैर परमिट की गाड़ियां धड़ल्ले से परिवहन कर रही है। जहां खनन में टिपर पर जहां 300 फिट लोड करने का टोकन दिया जा रहा है वहीं टिपर पर 400 से ज्यादा बालू लोड कर सड़क पर हुंकार भर रहे हैं। और परमिट तो दुर की बात

है ना तो टिपर से परमिट लेते हैं और ना दिया जाता है। ऐसे जानकारी मिली कि वगैर परमिट का बालू खनन साइड पर 2500 रुपया में 100 फिट दिया जा रहा है। परमिट न देने से राजस्व की पूर्ण क्षति हो रही है। सुबे के मुखिया द्वारा भ्रष्टाचार को मिटाने की प्रक्रिया फेल नजर आ रही है। वहीं बालू खनन व्यवसायी मस्त है और विभाग कान में कड़ुआ तेल डालकर सो रहा है। आखिर सवाल यह उठ रहा है कि लोढ़ी स्थित खनन चेक पोस्ट पर वगैर परमिट की गाड़ियां कैसे पास हों रहीं हैं। जबकि चेक पोस्ट पर दर्जनों फोर्स के साथ खनन विभाग की टीम लगी हुई है।

लखनऊ में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के 25वें एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ

लखनऊ,रू भारतीय ज्वेलरी इंडस्ट्री मेंएक जाना–माना नाम, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने लखनऊ स्थित आलमबाग में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया है। यह उत्तर प्रदेश में किसना का 7वाँ और भारत में 25वाँ शोरूम है। आलमबाग के प्रमुख क्षेत्र में स्थित यह शोरूम लक्ज़री ज्वेलरी में उत्कृष्टता और नवीनता के प्रति किसना के समर्पण को बखूबी दर्शाता है। उद्घाटन समारोह में श्री घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि कृष्णा ग्रुप, और श्री पराग शाह, डायरेक्टर, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई। किसना के 25वें शोरूम का उद्घाटन भारत के ज्वेलरी परिदृश्य में वैभव और परिष्कार के एक नए अध्याय का प्रतीक है। इसके प्रत्येक शोरूम को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह परंपरा को आधुनिकता के साथ सहजता से मिश्रित करे। यह लक्ज़री के प्रति किसना की प्रतिबद्धता की जीती–जागती मिसाल है। अपनी शानदार डिज़ाइन्स और बेजोड़ शिल्प कौशल के साथ, किसना देश भर में ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च

पर खुशी व्यक्त करते हुए, श्री घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि कृष्णा ग्रुप, ने कहा, ष्लखनऊ के आलमबाग में हमारे 25वें शोरूम का उद्घाटन, उत्कृष्टता के प्रति हमारे अटूट समर्पण को दर्शाता है। भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के साथ ही, हम ग्राहकों को नायाब सुंदरता और परिष्कार की पेशकश करते हुए बढ़ने वाला डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनना और प्रत्येक महिला के उत्तम डायमंड ज्वेलरी खरीदने के सपने को पूरा करना है ष श्री पराग शाह, डायरेक्टर, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी, ने कहा, ष्लखनऊ में अपने 25वें शोरूम का भव्य उद्घाटन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह स्टोर उत्कृष्टता के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को उजागर करने का माध्यम बन गया है। प्रत्येक शोरूम लक्ज़री ज्वेलरी की खरीदारी को पुनः परिभाषित करता है, और साथ ही ग्राहकों को सुंदरता और परिष्कार के अद्वितीय अनुभवों की पेशकश करता है। श्एक समय में एक शोरूमश के माध्यम से हमारा उद्देश्य किसना की पहचान और विरासत को बनाए रखना है ष्किसना का दृढ़ संकल्प सिर्फ अपनी उपस्थिति का विस्तार करना ही नहीं है, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदार व्यक्तित्व रखने के साथ , जरुरतमंदो को सेवाएं प्रदान करना भी है और इन्ही सेवाओं के अंतर्गत किसना ने कई वंचित व्यक्तियों को सिलाई मशीनें वितरित की है ताकि उन्हें उनकी स्थायी आजीविका प्रदान की जा सके। इसके अलावा, ब्रांड सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी बखूबी समझता है। इस प्रकार, यह जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराने और शोरूम में अपने ग्राहकों द्वारा की गई प्रत्येक खरीदारी पर एक पौधा लगाने की अपील करता है

सोनभद्र जिला अस्पताल में पहली बार हुई यूटरस रपचर का ऑपरेशन

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, यूपी के सोनभद्र जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहली बार हुआ रपचर यूटरस का ऑपरेशन यूपी के सोनभद्र जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज में महिला का रपचर यूटरस का ऑपरेशन पहली बार कर महिला की जान बचाई गई। ेप्रेजंदज चतवमिवत डा दीप्ति सिंह ने बताया की निजी चिकित्सालय के चिकित्सकों के द्वारा दर्द से कराह रही महिला को जबाव दे दिया गया। वही जब महिला की जांच की गई तो जानकारी हुई गर्भवती महिला का यूटरस फट गया और महिला के पेंट में खून भर गया और बच्चा पेंट में तैर रहा था। तब बिना अल्ट्रासाउंड के मरीज के स्थिति को देखते हुए पेंट का ऑपरेशन किया गया। और मरीज ठीक है। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की बदहाली और लापरवाही की खबर बहुत सुने होंगे और देखें भी होंगे लेकिन इन दोनों सोनभद्र जनपद का राजकीय मेडिकल कॉलेज गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ है जहां चुका है तब मौजूद असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर दीप्ति सिंह के द्वारा मरीज का ऑपरेशन कर जान बचाई । वही

पहली बार स्त्री रोग विशेषज्ञ दीप्ति के द्वारा महिला का रप्चरड युटेरस का सफल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचाई मरीज के चेहरे पर मुस्कान देखी गई ।दर्द से परेशान होकर ललिता नाम की एक महिला मेडिकल कॉलेज आई महिला ने बताया कि निजी अस्पतालों के द्वारा जवाब मिल असिस्टेंट प्रोफेसर के द्वारा बताया गया कि रपचर यूट्रस महिलाओं में बहुत रेयर होता है और मृत्यु दर ज्यादा होती है इलाज देर से होने पर मरीज की मृत्यु तक जाती है। बाइट.... डा.दीप्ति सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर बाइट... डा.बी सागर सीएमएस सोनभद्र।

पुलिस मॉनीटर पत्रिका का सिल्वर जुबली सम्मान समारोह

परवेज़ अख़्तर

25 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश की बहु चर्चित पत्रिका ष्यूपी पुलिस मॉनिटर पत्रिकाष की समस्त टीम ने मनाया सिल्वर जुबली समारोह।

उत्तर प्रदेश में तथा शासन प्रशासन में काफी लोकप्रिय बरेली से प्रकाशित होने वाली ष्यूपी पुलिस मॉनिटर पत्रिकाष की टीम द्वारा बरेली स्थित अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में पत्रिका के अपने गौरवशाली 25 वर्ष पूरे करने के उपरान्त,बड़े ही भव्य अंदाज़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश भर से कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रिका के संरक्षक चमन लाल शर्मा, संस्थापक एवं प्रधान संपादक एस.के सिंह की अध्यक्षता में,समाचार संपादक डॉव रजनीश सक्सेना के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित करके की गई।तदउपरान्त प्रख्यात रंगकर्मी एवं जन सूचना विभाग लखनऊ की कलाकार हरजीत कौर, ने मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। राहुल सिंह, धीरज कुमार, मनीष रस्तोगी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, जहां इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरेली के बड़े उद्यमी व पत्रिका के संरक्षक चमन लाल शर्मा उपस्थित रहे, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी, मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, तथा देहरादून सक्सेना, रवि सक्सेना, डॉक्टर मंजीत कौर, परवेज खान,ओमकार सिंह, धीरज कुमार, आर.के शर्मा, ओमवीर यादव, हर्षित

में रिजॉर्ट के ओनर गुलशन राज उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अध्यक्ष पत्रिका के एडिटर–इन–चीफ़ सुधीर कुमार सिंह मौजूद रहे! साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाचार सम्पादक रजनीश सक्सेना, प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री परवेज़ अख़्तर, एडवोकेट अरुण सक्सेना, रामपुर से ठाकुर दिनेश सिंह, जे.प्राइम भारत के संपादक एन.आलम, कंट्री ऑफ़ इण्डिया के यूपी हेड जमील मलिक, तथा पीआरडी के कमांडर अमर सिंह सोमवंशी, व बरेली के वरिष्ठ समाजसेवी शाकिर अली, राहुल सिंह, हरजीत कौर,मनीष रस्तोगी, मध्यम कुमार,अश्वनी कामठान, साक्षी वर्मा,फतेहचंद गंगवार, डॉक्टर प्रेम सागर शर्मा, पार्थ अग्रवाल, सुगम अग्रवाल, अजय कुमार टंडन, सुमन सिंह, ठाकुर अशोक सिंह एडवोकेट, गर्वित सिंह, विपिन कश्यप, तारिक अजहर भारतीय, ओम प्रकाश जोशी, डॉक्टर बीपी सिंह, सोमनाथ, के अलावा सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल रहे। अपने वक्तव्य में एडिटर–इन–चीफ़ एस.के सिंह ने कहा कि 1999 से लगातार नियमित रूप से प्रकाशित होने वाली हम सबकी ष्यूपी पुलिस मॉनिटर पत्रिकाष ने अपने स–सम्मान 25 वर्ष पूरे करके जिस प्रकार इतिहास रचा है, उससे साफ़ तौर पर लग रहा है कि आप सबके सहयोग से मेरी मेहनत सफ़ल हो गई है। सी.एल शर्मा ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में अपने कार्यकाल के दौरान सत्ता के गलियारे से लेकर शासन प्रशासन के तमाम उतार चढ़ाव के हर पहलू पर बारीकी से नज़र रखते हुए, निष्पक्ष व निडर तथा मुखर होकर हर ख़बर को साफ़ तरीक़े से पब्लिश करने वाली ये पत्रिका सच में काफ़ी अच्छी और सच्ची पत्रिका है। राष्ट्रिय अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी ने कहा कि इस पत्रिका ने अपनी बेदाग और साफ़ छवि से शासन प्रशासन के लोगो में और समस्त प्रदेश में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है, जोकि काफ़ी सराहनीय है। महामंत्री अब्दुल वहीद ने कहा कि आज इस पत्रिका के 25 वर्ष पूरे होने पर सिल्वर जुबली के इस कार्यक्रम में आना और इसके बारे में और अधिक जानना सच में काफ़ी हर्षवर्धन रहा, और हम इसकी समस्त टीम को बधाई पेश करते हैं। सीनियर चीफ़ रिपोर्टर परवेज़ अख़्तर ने कहा कि नागरिक पुलिस, पीएसी, रेलवे पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड्स, अग्निशमन विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग, कारगार, तथा अर्धसैनिक बलों की तमाम खबरों को समाज के प्रति सभी पुलिस महकमें के योगदान को व पुलिस कर्मियों की पीड़ा को पब्लिश करते हुए और समस्याओं के निस्तारण का प्रयास करते हुए इस पत्रिका ने इन 25 वर्षों में एक अहम रोल अदा किया है, आज इसके गौरवशाली 25 वर्ष पूरे होने पर मन बहुत प्रफुल्लित है,

हाईस्कूल एवं इंटर के परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावियों के सम्मान समारोह आयोजित

अनवरत संघर्ष से आती है सफलता–डॉ हरिन्द्र

दहकती खबरे

महराजगंज द्यसफलता कोई खेल नहीं है जो थोड़े ही संघर्ष से प्राप्त होती है ।इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होता है तब जाकर के अनवरत संघर्ष से सफलता प्राप्त होती है। क्योंकि सच्ची लगन कांटो की परवाह नहीं करती हैं ।उक्त बातें दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार महराजगंज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल एवं इंटर के परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावियों के सम्मान समारोह के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हरिन्द्र यादव ने कही। बताते चलें कि विद्यालय में इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग की निहारिका एवं जूली ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं कला वर्ग की माधुरी शर्मा ने 80.2 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यावसायिक वर्ग में लक्ष्मण ने 76.4: अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा वाणिज्य वर्ग में आदर्श कसौधन ने 84.4: अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में नम्रता ने 93.17: अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अभय कुमार 92.33 डॉ राकेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक माता प्रसाद अरविन्द कुमार फूलबदन डॉ पंकज कुमार गुप्त तबारक अली

प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान तथा निशा विश्वकर्मा ने 90.67प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ.हरिन्द्र यादव वरिष्ठ प्रवक्ता जगदंबिका सिंह ने सभी मेधावियों को माल्यार्पण प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न के साथ सम्मानित किया ।कार्यक्रम का संयोजन विनोद कुमार विमल प्रमोद कुमार सिंह एवं संचालन अखिलेश मिश्र सूर्य प्रकाश गुप्त भवानीशंकर पांडेय रमेश सिंह दिलीप कुमार पांडेय शैलेश कुमार पटेल शैलेश मधुकर आशुतोष कुमार कृष्णानंद शुक्ल रामसुखी यादव सुनील कुमार अमृता सिंह विनोद यादव सिंपल कुमारी पूनम सिंह सविता सिंह निर्मला चौधरी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण तथा छात्र उपस्थित रहे।

दहकती खबरें

स्वामी प्रकाशक,मुद्रक एवं सम्पादक सिराज अहमद द्वारा 86/98 प्वाइंट ऑफसेट,कुर्मी टोला गुरु गोविन्द सिंह मार्ग लालकुआं, लखनऊ से मुद्रित तथा म.न.09,फर्रुखाबाद चिल्लावां,थाना सरोजनीनगर, तहसील लखनऊ,जिला लखनऊ,उत्तरप्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक – सिराज अहमद । मो0. 9369491542 ,सह–सम्पादकः इम्तियाज अहमद । मो0. 9044777902 RNI NO.- UPHIN/2011/39283, E-mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com नोटः समचार पत्र से सम्बन्धित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय होगा।